mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-28 अंक-350 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

21 दिसंबर 2024 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



रिंकू सिंह बने...
@ पेज 7



# भोपाल के जंगल में कार में 52 किलो सोना मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आयकर विभाग को भोपाल के मेंडोरी के जंगल में गुरुवार देर रात एक कार से 52 किलो सोना मिला। इसके अलावा, 11 करोड़ रुपए कैश भी बरामद हुए हैं। कार एक मकान के

- **11 करोड़ कैश बरामद, आयकर टीम रात 2 बजे पहुंची; 2 दिन में 51 ठिकानों पर छापे**

बाहर लावारिस हालत मिली। सोने की कीमत करीब 40 करोड़ 47 लाख रुपए आंकी गई है। अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये सोना और कैश किसका है।
आयकर विभाग को यह बड़ी कामयाबी मध्यप्रदेश में रियल एस्टेट कारोबारियों पर रेड के बीच मिली है। आयकर विभाग ने दो दिन में भोपाल और इंदौर में




51 ठिकानों पर छापेमारी की है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि सोना और कैश का कनेक्शन बिल्डर्स और ऋञ्जह्र के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के यहां चल रही कार्रवाई से तो नहीं है। जिस कार से सोना और कैश मिला है वह चेतन गौर नाम के व्यक्ति की बताई जा रही है।आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, एक खुफिया जानकारी मिली थी कि जंगल में एक कार में कैश है, जिसे कहीं ले जाया जा रहा है। इसके बाद टीम गुरुवार की रात करीब दो बजे मेंडोरी पहुंची। जंगल में इनोवा कार के पास पहले से करीब 100 पुलिसकर्मी और 30 गाड़ियां थीं। संभवत- पुलिस को भी इसके बारे में सूचना मिली होगी। आयकर की टीम ने कार की सर्चिंग की तो नकदी के साथ सोना भी मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन ने ली रूस के परमाणु प्रमुख की हत्या की जिम्मेदारी

**कीव (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के 3 साल होने में अब केवल 2, 3 महीने का समय शेष रह गया है। इस दौरान युद्ध ने और अधिक भयावह रूप धारण कर लिया है। दोनों देश एक दूसरे के ऊपर इस वक्त ताबड़तोड़ हवाई हमले कर रहे हैं। रूस ने शुक्रवार को



तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।
रूस ने यह हमला अपने परमाणु प्रमुख के बम ब्लास्ट में मारे जाने के बाद किया है। इस हमले के बाद रूस ने कहा कि यूक्रेन के हमले के जवाब में यह कार्रवाई की गई है। कीव में सूर्योदय से ठीक पहले कम से कम तीन धमाकों की आवाज सुनाई दी। इससे लोगों में दहशत फैल गई। मिसाइल हमले से तीन जिलों में नुकसान हुआ और आग लग गई। शहर के प्रशासन ने यह जानकारी दी । प्रशासन ने कहा कि रूस के इस हमले में 630 आवासीय इमारतों, 16 चिकित्सा केंद्रों और 30 स्कूलों को नुकसान हुआ। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह हमला शुक्रवार को रोस्तोव सीमा क्षेत्र पर यूक्रेनी मिसाइल हमले के जवाब में किया गया।

### उत्तरपूर्वी समुद्र तट पर फंसी रोहिंग्याओं की नौका

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका की नौसेना सैकड़ों रोहिंग्याओं के लिए उस वक्त भगवान बन गई, जब वह उत्तरपूर्वी तट के निकट समुद्र क्षेत्र में डूबने के कगार पर थे। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही श्रीलंका की सेना राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंच गई। नौसैनिकों ने उत्तरपूर्वी तट पर संकट में फंसे म्यामां के 25 बच्चों सहित 100 से अधिक रोहिंग्याओं को बचा लिया है। स्थानीय मछुआरों ने इन लोगों को बृहस्पतिवार को मुल्लईतिवु जिले के वेल्ला मुल्लीवैक्कल क्षेत्र में देखा था।
कयास लगाए जा रहे थे कि ये लोग ऑस्ट्रेलिया या इंडोनेशिया जा रहे हैं। मगर अचानक समुद्र तट



पर उनकी नौका लहरों के बीच में फंस गई। नौसेना के प्रवक्ता ने इस पर कहा, ''हमें अभी नहीं पता कि वे समुद्र में संकट में कैसे फंसे और वे कहां जा रहे थे।'' नौसेना के प्रवक्ता ने कहा, ''वे मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक नाव पर सवार थे। श्रीलंका की नौसेना के अनुसार नाव में कुल 102 लोग सवार थे, जिनमें 25 बच्चे और 40 महिलाएं शामिल हैं। इनमें एक महिला गर्भवती भी थी।'' नौसेना ने कहा कि उन्हें त्रिंकोमाली लाया गया है, जहां आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नोएडा पुलिस ने चोरों के अंतरराज्यीय गैंग को पकड़ा




**गौतम बुद्ध नगर (एजेंसी)।** जिले की थाना सेक्टर 126 नोएडा पुलिस टीम ने बाइक चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना सेक्टर 126 पुलिस की टीम ने 19 दिसंबर को रायपुर पुश्ता रोड सैक्टर-126 से वाहनों की चेकिंग के दौरान दो बाइक पर सवार चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में इन बदमाशों ने बाइक चोरी करने की बात का खुलासा किया। वहीं इन आरोपियों के पास से एक तमंचा 315 बोर और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए बदमाश संजय (28), आदित्य (19), कार्तिक (19) और सुमित (19) हैं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने रायपुर पुश्ता के पास झाड़ियों में छिपाई गई चोरी की सात अन्य बाइक भी बरामद की। इस तरह से बरामद कुल बाइकों की संख्या 9 हो गई है। बदमाशों ने ये बाइक दिल्ली और आसपास के इलाकों से चुराई थी। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वह एनसीआर क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी करने की कई घटनाओं में शामिल रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वह खासकर उन स्थानों को लक्षित करते थे जहां वाहन पार्किंग में खड़े होते हैं या सड़क किनारे रात के समय अकेले छोड़ दिए जाते हैं।

**पुणे के एक कार्यक्रम में आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने कहा-**

## 'हर दिन तिरस्कार और दुश्मनी के लिए नए मुद्दे उठाना ठीक नहीं'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुणे के एक कार्यक्रम में आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने इन दिनों चल रहे माहौल को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने सहजीवन व्याखान माला नाम के प्रोग्राम में बात करते हुए कहा कि राम मंदिर बनना चाहिए और वास्तव में ऐसा हुआ भी। यह हिंदुओं की भक्ति का स्थान है, लेकिन हर दिन तिरस्कार और दुश्मनी के लिए नए मुद्दे उठाना ठीक नहीं है। इसका समाधान क्या है? हमें दुनिया को दिखाना चाहिए कि हम सद्भाव से रह सकते हैं, इसलिए हमें अपने देश में थोड़ा प्रयोग करना चाहिए।
आगे कहा कि हमारे देश में अलग-अलग संप्रदायों और समुदायों की विचारधाराएं हैं। राम मंदिर निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वे नई जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं लेकिन यह किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। आरएसएस चीफ ने कहा कि सुसंवाद अपने देश में होना चाहिए। श्रद्धास्थान राम मंदिर होना चाहिए जो की हो



रहा है। हिंदू की श्रद्धास्थान हिंदू को लगता है, लेकिन ऐसा हर जगह किया तो हिन्दुओं में नेता तैयार हो सकते है या फिर भूतकाल का द्वेष, संशय, तिरस्कार के चलते रोज एक नया प्रकरण निकलना, ऐसे कैसे चलेगा, ये बिल्कुल नहीं चलेगा।
हमें दुनिया को दिखाना है कि हम एक साथ मिल जुलकर रह सकते हैं और यहां प्रयोग करते समय सभी परंपरा, पंथ, सम्प्रदाय की विचारधारा हमारे यहां है। अभी कुछ बाहर से आएं है, लेकिन उनमें कट्टरपंथी परंपरा है। उनका राज यहां रहने के कारण उन्हें लगता है कि उनका राज फिर से यहां आना चाहिए, लेकिन यह देश संविधान से चलता है, यहां किसी का राज नहीं होता है जनता अपना प्रतिनिधि चुनते है, जो चुनकर आते है वो राज्य चलते है और राज जनता का होता है। मोहन भागवत के बयान पर अब कांग्रेस के साथ-साथ शिवसेना के मंत्रियों ने भी अपनी राय दी है। शिवसेना शिंदे के कोटे से बने मंत्री योगेश कदम ने कहा कि ये क्या हो रहा है? जैसे-जैसे पॉलीटिकल सिचुएशन बदलता है, उद्धव ठाकरे का हिंदुत्व के बारे में स्टैंड बदलता है, यह बात उनके बारे में थी, आज सिचुएशन ऐसी है महानगरपालिका के चुनाव आ रहा है तो उनको हिंदुत्व याद आ रहा है, भागवत जी का संकेत जो था वह उद्धव ठाकरे की तरफ था, ये कोशिश उद्धव कर रहे कि वे हिंदू मुस्लिम करके हिंदू नेता बन जाएं।

## संभल में सांसद जिया उर रहमान बर्क के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**संभल (एजेंसी)।** संभल के सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क के घर के नवनिर्मित हिस्से के बाहर बने चबूतरे पर आज बुलडोजर चलाया गया। सड़क पर बनी सीढ़ियां तोड़ी गई। जानकारी के अनुसार,



संभल सदर के दीपा सराय में सपा सांसद बर्क ने घर बनवाया हुआ है। आरोप है कि घर के बाहर उन्होंने अतिक्रमण कर रोड पर सीढ़ियां बनवा दी थी। इसे ध्वस्त करने के लिए प्रशासन बुलडोजर लेकर पहुंचा। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि रोड किनारे एक घर नया घर बना है।

## स्कूल में वार्षिकोत्सव के दौरान मधुमक्खियों ने कर दिया हमला

**30 से ज्यादा छात्र घायल**

**केंद्रापाड़ा (एजेंसी)।** जिले के डेराबिश ब्लॉक में एक सरकारी हाई स्कूल में मधुमक्खियों के हमले से 30 से ज्यादा छात्र घायल हो गए। यह घटना स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान हुई। मिली जानकारी के मुताबिक स्कूल परिसर के पास एक बड़े पेड़ पर मधुमक्खियों ने करीब दो फीट लंबा छत्ता बना रखा था। समारोह के दौरान शायद किसी ने इस छत्ते को छेड़ दिया, जिससे मधुमक्खियां गुस्से में आकर छात्रों और शिक्षकों पर हमला करने लगीं। घायलों को तुरंत डेराबिश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया। इस घटना के कारण स्कूल प्रशासन को वार्षिक समारोह रद्द करना पड़ा।
फिलहाल प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से स्कूल परिसर से छत्ते को हटाने की भी योजना बनाई है। वहीं घटना के बाद स्कूल में पढ़ रही छात्रा ने बताया ÷स्कूल का एनुअल स्पोर्ट्स चल रहा था। हम बैठे थे और अचानक मधुमक्खियों ने हमें काटना शुरु कर दिया।





वहां पर लगभग 40 बच्चे मौजूद थे। मधुमक्खियों के काटने के बाद हम अपने-अपने घर भाग गए। घर पर हमारा प्राथमिक उपचार करने के बाद घर वाले हमें अस्पताल ले आए।
वहीं विद्यालय के असिस्टेंट टीचर ने बताया ÷हमारे स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स चल रहा था। स्कूल के पास ही मौजूद एक पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता था। हम जब लंच कर रहे थे, तभी मधुमक्खियों ने अचानक सभी पर हमला करना शुरू कर दिया। लगभग 25 से 30 बच्चों को मधुमक्खियों ने डंक मारा है।

## भाजपा नेता सीटी रवि को हाईकोर्ट ने दी राहत

**लक्ष्मी हेब्बालकर मामले में हुई रिहाई**

**कर्नाटक (एजेंसी)।** कर्नाटक की महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में भाजपा नेता सी.टी रवि को कर्नाटक हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट में उनके खिलाफ दायर स्न्नढ्ढक्रको रद्द करने की याचिका पर फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि सीटी रवि को गिरफ्तार करने के क्रम में पुलिस ने जो प्रक्रिया अपनाई है, वह सही नहीं है, इसीलिए उन्हें तत्काल रिहा किया जाना चाहिए। इससे पहले बेलगावी कोर्ट ने सीटी रवि को बेंगलुरु लाकर जन प्रतिनिधि कोर्ट के सामने पेश करने का निर्देश दिया था।
बता दें कि सीटी रवि ने जन प्रतिनिधि कोर्ट और कर्नाटक हाईकोर्ट में इस गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। जन प्रतिनिधि कोर्ट ने मामले की सुनवाई को कल तक टाल दिया, जबकि हाईकोर्ट ने सीटी रवि को रिहा करने का निर्देश दिया। बता दें कि इससे पहले सीटी रवि पर गुरुवार को लक्ष्मी हेब्बालकर के समर्थकों ने हमला करने की कोशिश की थी। इस दौरान मौके



पर मौजूद विधानसभा मार्शल्स ने किसी तरह सीटी रवि का बचाव किया और हमला करने आए युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल सीटी रवि पर आरोप लगा कि उन्होंने महिला और बाल विकास कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के खिलाफ कुछ अभद्र भाषा का प्रयोग किया था।
हालांकि सीटी रवि ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया है। बता दें कि इसी मामले में लक्ष्मी हेब्बालकर ने सीटी रवि के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। दरअसल बेलगावी में विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा था। इस दौरान लक्ष्मी हेब्बालकर के समर्थक सीटी रवि पर आक्रोशित हो उठे और उनपर हमलावर हो गए। मौके पर मौजूद मार्शल्स और पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद किसी तरह सीटी रवि को वहां से निकाला और हमला करने आए युवकों को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि इस मामले में लक्ष्मी हेब्बालकर ने पुलिस में केस दर्ज कराया था।

## हम इन धमकियों को गंभीरता से लेते हैं

**गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी पर विदेश मंत्रालय ने दी प्रतिक्रिया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिख अलगाववादी और खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा को दी गई धमकियों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, %हम इन धमकियों को बहुत गंभीरता से लेते हैं और हम इसे अमेरिका सरकार के समक्ष उठाते हैं। इस मामले में भी हमने इसे अमेरिकी सरकार के समक्ष उठाया है और हमें उम्मीद है कि अमेरिकी सरकार हमारी सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से लेगी।% इस दौरान विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार से शुरू हो रही दो दिवसीय कुवैत यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करने में मदद मिलेगी।

**कुवैत के नेताओं संग चर्चा करेंगे पीएम मोदी:** विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि इस यात्रा से भारत-कुवैत संबंधों को और



अधिक मजबूती मिलेगी। इसने कहा कि भारत रक्षा और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने के लिए उत्सुक है। मंत्रालय ने आगे कहा कि कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के आमंत्रण पर पीएम मोदी इस यात्रा पर जाएंगे। इस यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी कुवैत के नेताओं संग चर्चा करेंगे। साथ ही वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों से भी बातचीत करेंगे। इससे पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1981 में कुवैत का दौरा किया था।
बता दें कि भारत, कुवैत के शीर्ष व्यापारिक साझेदार देशों में से एक है और भारी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग कुवैत में रहते हैं। कुवैत, भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से एक है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10.47 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। कुवैत, भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है, जो देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को तीन प्रतिशत तक पूरा करता है। अमीर शेख सबाह अल अहमद अल जाबर अल सबाह जुलाई, 2017 में निजी यात्रा पर भारत आए थे। इससे पहले 2013 में कुवैत के प्रधानमंत्री ने भारत की उच्च स्तरीय यात्रा की थी।

## पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में मची भगदड़, महिलाएं और बुजुर्ग दबे

**मेरठ (एजेंसी)।** मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में भगदड़ मचने से कई महिलाएं और बुजुर्गों के दबने की खबर है। बताया जाता है कि प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा के दौरान यह भगदड़ मची है। आज कथा का छठा दिन है।



जानकारी के मुताबिक बाउंसर्स के रोकने पर धक्का-मुक्की के बाद भगदड़ मच गई। कथा में रोज़ एक लाख से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। भगदड़ की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। बता दें कि मेरठ के परतापुर क्षेत्र में पिछले 6 दिनों से शिव महापुराण की कथा चल रही है। मेरठ के डीएम दीपक मीणा ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कुछ महिलाएं गिरी थीं उन्हें उठा लिया गया है। मौके पर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि कथा के लिए सभी आवश्यक परमीशन पहले ही ले ली गई थी। उन्होंने कहा कि एंट्री गेट पर थोड़ी सी भीड़ थी जिसमें कुछ महिलाएं गिर गईं। किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है।

## भारत सरकार के अधिकारी ने किया सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर का निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर'' के आयोजन में प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के संचालक श्री एस.के. पाण्डे ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले शिविरों का भ्रमण कर जायजा लिया। ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 के तहत हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी के तहत 19 से 24 दिसम्बर 2024 तक सुशासन सप्ताह ''प्रशासन गांव की ओर'' अभियान में भारत सरकार के अधिकारियों ने ग्राम पंचायत, मुंगालिया छाप का भ्रमण कर शिविर में हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने की प्रक्रिया को समझा एवं पात्र हितग्राहियों को स्थल पर ही लाभान्वित किये जाने के लिए निर्देशित किया। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ''प्रशासन गांव की ओर'' अंतर्गत प्राप्त होने वाली जन समस्याओं का निराकरण कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ प्रदाय किया जाए। सुशासन सप्ताह के तहत किये जा रहे नवाचार/सफलता की कहानियों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए।

संचालक द्वारा शिविर में उपस्थित होकर हितग्राहियों से उनकी समस्याओं को सुन निराकरण की कार्यवाही के सम्बन्धित विभाग को निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान भारत सरकार के अधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से हितलाभ प्रदाय करने की सराहना की। उनके साथ जनपद पंचायत, फंदा अध्यक्ष श्री प्रमोद राजपूत, एडीएम श्री अंकुर मेश्राम, एसडीएम श्री विनोद सोनकिया, सीईओ जनपद पंचायत फंदा श्री शंकर पांसे, सरपंच श्रीमती मनीषा घनश्याम पाटीदार, सचिव श्री दशरथ वैष्णव सहित सहित विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की अवधि 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक आयोजित की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य सरकार चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचूरेशन लाया जाये एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित लक्ष्य अनुरूप लाभ प्रदाय किया जाए। अभियान के समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी एवं संपर्क दल बनाये गए है, जो सर्वे कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने का कार्य करेंगे। सर्वे के दौरान प्राप्त आवेदन की एन्ट्री सी.एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी शिविर प्रभारी की होगी।

शिविर में लगाये गए विभिन्न विभागीय स्टॉल अभियान के तहत शिविर में विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाये गए। हितग्राहियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभाग के द्वारा पात्रता अनुसार उन्हें स्थल पर ही लाभान्वित किया गया। प्राप्त समस्त आवेदनों पर अभियान अवधि के अंतर्गत कार्यवाही की जाना सुनिश्चित की जाएगी।

## भोपाल के हाजी इमरान टीम का सराहनीय प्रयास

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कड़ाके की सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को राहत देने के उद्देश्य से टीम कोमी खिदमतगार भोपाल के सदस्य हाजी मोहम्मद इमरान की अगुवाई में कम्बल, रज़ाई, स्वेटर और जैकेट का वितरण किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बे-सहारा और सर्दी से पीड़ित लोगों को गर्म कपड़े प्रदान कर उनकी मदद करना था। हाजी मोहम्मद इमरान ने इस अवसर पर कहा,हमारे समाज में कई लोग ऐसे हैं, जो सर्दी से बचने के लिए बुनियादी चीजें भी नहीं पा पाते। हम अपने गर्म घरों में आराम से सोते हैं, लेकिन हजारों लोग सड़कों और फुटपाथों पर ठिठुरते हुए अपनी रातें गुजार रहे हैं। ऐसे में इस छोटे से प्रयास के माध्यम से हम उनका कुछ भला करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस अभियान में टीम कोमी खिदमतगार ने शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर सर्दी से प्रभावित लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए। हाजी इमरान ने बताया कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे पूरी टीम मिलकर निभा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों की मदद की जा सके।

## श्रद्धा भक्ति से मनाया आचार्य विशुद्ध सागर का अवतरण दिवस

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** आचार्य विशुद सागर महाराज का अवतरण दिवस शहर के मंदिरों में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। आचार्य श्री के गुणों की वंदना के साथ कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर मंगलवारा में समस्त जैन समाज द्वारा आचार्यश्री के चित्र की महाआरती की गई। चित्र के सामने आदित्य जैन, पंकज टेलर, सुनील सिंघई, जिनेद्र जैन, महेंद्र जैन, अनंतराज जैन, अनेकांत जैन, पवन चौधरी, सविता मन्या, आशा सिंघई, सोनम सिंघई सहित मनीषा ने दीप प्रज्जवलित किए।

# विश्वविद्यालय और शिक्षक, हमारी संस्कृति के अनुरूप देश और समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए युवा पीढ़ी को करें तैयार-राज्यपाल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए समरस, समावेशी राष्ट्र के संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने अपनी अद्भुत दूरदृष्टि से हमें संविधान के रूप में जाति, लिंग, भाषा, धर्म, धन और शक्ति बल आदि के भेदभावों से मुक्त समावेशी, समरस समाज की धरोहर सौंपी है।

राज्यपाल श्री पटेल शुक्रवार को महू में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के 6वें दीक्षांत समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन दे रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलाधिपति डॉ. प्रकाश सी बरततूनिया, विधायक सुश्री उषा ठाकुर उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हमारा संविधान प्रेरणादायक जीवंत दस्तावेज और स्वतंत्र भारत का आधुनिक धर्म ग्रंथ है, जिसका समर्पित भाव से पालन, हर भारतीय का परम कर्तव्य है।

विद्यार्थियों का दायित्व है कि संविधान का अपने आचरण, व्यवहार में समर्थन और संरक्षण करें। समाज के तुलनात्मक रूप से वंचित, पिछड़े वर्गों, समुदायों के भाई बहनों के विकास की जवाबदारी, जिम्मेदारी के साथ स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बाबा साहेब के सपनों के अनुरूप राष्ट्र निर्माण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के द्वारा शिक्षण संस्थानों को ऐसे नागरिकों को तैयार करने का अवसर दिया है।

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम 2024-25 के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अनुभूति कराकर उनके संरक्षण हेतु जागरूक करना एवं सहभागिता हेतु प्रेरित करने के साथ-साथ वन विभाग एवं विभागीय कार्यों, उत्तरदायित्वों एवं चुनौतियों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से मैं भी बाघ और हम हैं बदलाव थीम पर आयोजित प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर वत्त विहार राष्ट्रीय उद्यान में आज 19 दिसम्बर को आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यलाय भोपाल के दृष्टि बाधित 15, श्रवण बाधित 83, बौद्धिक विकलांग 11 एवं मूकबधिर 6 विद्यार्थियों सहित कुल 115 विद्यार्थियों एवं 7 शिक्षकों ने भाग लिया। अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ. एस.आर. वाघमारे, सेवा निवृत उप वन संरक्षक एवं डॉ. एस.आर. वाघमारे, सेवा निवृत उप वन संरक्षक उपस्थित रहे। साथ ही श्री विजय नंदवंशी बायोलॉजिस्ट भी उपस्थित रहे। इस दौरान संचालक वन विहार श्री मीना अवधेशकुमार शिवकुमार, सहायक संचालक वन विहार श्री एस.के. सिन्हा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## वन मेले में तीसरे दिन 20 लाख रूपये के वनोपज हर्बल उत्पाद से निर्मित औषधियों की ब्रिकी हुई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अंतर्राष्ट्रीय वन मेले में भोपाल बल्कि आस पास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लगभग 30 हज़ार लोगों ने मेले में उत्सुकता से भाग लिया और मेले का लुत्फ़ उठाया। आज तीसरे दिन तक लगभग 20 लाख रूपए के वनोपज हर्बल उत्पाद से निर्मित औषधियों की बिक्री हो चुकी है। मेले में स्थापित ओपीडी में लगभग 200 से अधिक आगंतुको ने निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर में सुबह 45 एवं शाम 45 आयुर्वेद चिकित्सकों तथा अनुभवी वैद्य ने अपनी सेवाएँ प्रदान की। ओ.पी.डी. में आयुर्वेदिक चिकित्सकों और अनुभवी वैद्य द्वारा निःशुल्क परामर्श मेले के अंतिम दिन तक जारी रहेगा। लोग लेमन ग्रास, जंगली अदरक, एलोवेरा और आंवला, जंगली अदरक, एवं अन्य वनोपज से बने उत्पादों को जानने एवं खरीदने में काफी रूचि ले रहे है। इस बार मेले में आये आर्गेनिक उत्पाद लोगों का आकर्षण अपने और खींच रहे है इससे आर्गेनिक क्षेत्रों में शामिल हमारे वनांचलों में निवासरत समुदाय भी प्रोत्साहित हो रहे है।

प्रधानमंत्री वन धन केन्द्रों के द्वारा माहुल एवं अन्य पत्तों से बनाए जा रहे दोना-पत्तल जो की सिंगल यूज़ प्लास्टिक का एक अचूक विकल्प है भी लोगों में अपनी विशेष छाप छोड़ रहे है। लोगों का दोना-पत्तल के प्रति उत्साह एवं लगाव को देखते हुए पर्यावरण के प्रति हो रहे दुष्प्रभाव को रोकने कि दिशा में अनूठा प्रयास है। मेले में उज़्बेकिस्तान एवं ईथोयोपिया देश के प्रतिनिधियों द्वारा मेले का भ्रमण किया गया एवं इस आयोजन की प्रशंसा की गयी। लघु वनोपज से महिला सशक्तिकरण विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन अपरमुख्य सचिव, वन श्री अशोक बर्णवाल ने किया। इस अवसर पर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों भी उपस्थिति थे।

## गांवों का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता-मंत्री पटेल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि गांव का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत भवन विहीन 1153 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन स्वीकृत किए गए हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पुराने जर्जर पंचायत भवनों के संबंध में निर्णय लेने के लिए एक विशेष समिति गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि आगामी पंचायत चुनाव तक कोई भी ग्राम पंचायत भवन विहीन न रहे। मंत्री श्री पटेल ने गुरुवार को प्रदेश भर से आए पंचायत प्रतिनिधियों से निवास पर मुलाकात की।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों को स्वावलंबी बनाने के लिए प्राथमिकताओं को चिन्हित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में शमशान घाट हो और साथ ही गौ-वंश संरक्षण के लिए विशेष उपाय किए जाए। मंत्री श्री पटेल ने पौध-रोपण के दौरान सावधानी और सतर्कता बरतने और नियमित मॉनिटरिंग के लिए एक ठोस योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को ग्राम पंचायतों में कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स बनाने के लिए सुझाव देने के लिए कहा।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधि सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष प्रयास करें, इससे पंचायतों को भूमि को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने ग्राम पंचायतों के कार्यक्षेत्र में रेत संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कपिलधारा और सामुदायिक पेयजल परियोजनाओं की लागत को बराबर करने की दिशा में विचार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सुगमता से लाभ मिल सके। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायत सचिवों और जीआरएस के लिए एमआईएस पोर्टल को और अधिक सुलभ बनाया जाएगा। उन्होंने कार्य अनुमोदन में पारदर्शिता लाने पर बल दिया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतें मजबूत होंगी, तो प्रदेश सशक्त बनेगा। इस अवसर पर सरपंच संघ के प्रतिनिधियों ने विभिन्न मुद्दों को मंत्री श्री पटेल के समक्ष रखा।

## मान्यता के लिये निजी स्कूल 23 दिसम्बर से कर सकेंगे आवेदन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में संचालित कक्षा एक से 8 तक के निजी विद्यालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिये 23 दिसम्बर से 23 जनवरी तक ऑन लाइन आवेदन कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र ने मान्यता आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकृत एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आरटीई एमपी मोबाइल ऐप तैयार किया है। इसके माध्यम से अशासकीय स्कूल स्वयं अपने मोबाइल के द्वारा आवश्यक जानकारी दर्ज कर जरूरी फोटाग्राफ तथा दस्तावेज अपलोड करते हुये मान्यता के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेगे। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने सभी जिला कलेक्टर्स और मैदानी अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि वे इस सबंध में अपने जिले के सभी निजी विद्यालयों को अवगत कराते हुए नवीन मान्यता अथवा पूर्व मान्यता के नवीनीकरण के लिये निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण कराये।

जिन स्कूलों की मान्यता अवधि मार्च 2025 में पूर्ण हो रही है ऐसे स्कूल समय-सीमा में मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन करेंगे। साथ ही यदि कोई स्कूल कक्षा में वृद्धि करना चाहता है तो वह भी नवीनीकरण के लिये आवेदन कर सकता है। मान्यता नवीनीकरण के लिये जो अशासकीय स्कूलों समय सीमा में आवेदन नही करते है तो वह आगामी सत्र में स्कूल संचालन के लिए पात्र नही होंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी विस्तृत निर्देश एमपी एज्युकेशन पोर्टल तथा आरटीई पोर्टल पर भी देखे जा सकते हैं।

## गांवों का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता-मंत्री पटेल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रमुख सचिव, पर्यटन और संस्कृति विभाग एवं प्रबंध संचालक, म.प्र. टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश आने वाले समय में मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म का केंद्र बनेगा। मध्यप्रदेश पर्यटन गन्तव्य स्थल अपने आप में वेलनेस स्थल है। यहां प्राकृतिक सुंदरता और शांति के साथ आयुर्वेदीय जड़ी बूटियों और औषधीय वनोपज की पर्याप्त उपलब्धता है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में स्वास्थ्य पर्यटन और वेलनेस से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के समूह और राज्य के हेल्थ, मेडिकल और टूरिज्म के प्रमुख हितधारकों को संबोधित कर रहे थे। श्री शुक्ला ने कहा कि पर्यटन के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के दृष्टिगत मध्यप्रदेश अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सेवाएं देने के लिए सक्षम है। विदेश और अन्य राज्यों की तुलना में चिकित्सा सुविधाएं काफी सस्ती हैं।

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने चिकित्सा और पर्यटन के सभी हितधारकों को साझा प्रयास कर मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने शासन द्वारा हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मध्यप्रदेश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ, 'मेडिकल और वेलनेस' के हित धारकों के बीच सहयोग के अवसरों को सृजित करना है। कार्यशाला में इस बात पर भी बल दिया गया कि प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं, वहाँ उपलब्ध सेवाओं तथा उपचार के सम्पूर्ण पैकेज की जानकारी वेबसाइट पर देने से बेहतर प्रचार प्रसार होगा। विदेशी प्रतिनिधियों ने उनके देश के साथ रूष करने की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। इथोपिया और उज्बेकिस्तान से आए सभी डेलीगेट्स शुक्रवार को इंदौर में मेडिकल और वेलनेस की सुविधाओं और आवश्यक अधोसंरचनाओं पर अवसरों एवं संभावनाओं पर हितधारकों से चर्चा करेंगे।

बैठक में उज्बेकिस्तान गणराज्य स्वास्थ्य मंत्रालय के उप प्रमुख श्री शोखोबुद्दीन गुल्यामोव, श्री अब्दुजामोल जुराऐव, श्री एलूबाबोर बूनो और इथियोपिया के स्वास्थ्य मंत्रालय से डॉ. आइरुसलेम बेफेकाडु येरडॉ, डॉ. टेजिना रेगास्सा शामिल हुए। उन्होंने मध्यप्रदेश में मेडिकल टूरिज्म और आवश्यक अधोसंरचना को बढ़ावा देने के प्रयासों पर चर्चा की। मध्यप्रदेश में मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म की वर्तमान सुविधाओं एवं अवसरों पर प्रेजेन्टेशन भी दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय डेलिगेट्स ने सुबह यूनेस्को विश्व धरोहर सांची की यात्रा की और शाम को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का अवलोकन भी किया।

## गूजरी महल के आंगन में महिला संगीतज्ञों की सजी संगीत सभाएं



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** संगीत नगरी ग्वालियर में बीते पांच दिनों से चल रहा स्वर—ताल का सुरीला सिलसिला गुरुवार की सायंकालीन सभा के साथ थम गया। विश्वविख्यात गान महर्षि तानसेन की स्मृति में संगीत नगरी में आयोजित तानसेन संगीत समारोह के 100वें उत्सव की अंतिम संगीत सभा गूजरी महल की आभा में सजी। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के लिए जिला प्रशासन — ग्वालियर, नगर निगम ग्वालियर, पर्यटन विभाग के सहयोग से उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा यह आयोजन किया जा रहा था। यह 100वां उत्सव संगीत प्रेमियों के लिए अनंत स्मृतियां छोड़कर गया है। एक ऐतिहासिक और भव्य समारोह, जिसकी परिकल्पना मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा की गई। संगीत, कला और शिल्पकला जैसे अनूठे अनुभव इस समारोह के माध्यम से मिले। गुरुवार को सायंकालीन सभा में महिला केंद्रित संगीत सभाएं सजी। इसके पूर्व परंपरानुसार ईश्वर की आराधना के गान ध्रुपद गायन हुआ। ध्रुपद केन्द्र, ग्वालियर के गुरू एवं शिष्यों ने यह प्रस्तुति दी। उन्होंने राग पूरिया धनाश्री में आलाप, जोड़, झाला से राग को विस्तार देते हुए सूलताल की बंदिश ऐसी छबि तोरी समझत नाहीं.... से परिसर में दिव्यता घोल दी। पखावज पर पंडित जगतनारायण शर्मा, तानपुरा पर सुश्री मुक्ता तोमर एवं श्री अजय गुरू ने संगत दी। यह प्रस्तुति ध्रुपद गुरू श्री अभिजीत सुखदांड़े एवं सहायक गुरु श्री यखलेश बघेल के मार्गदर्शन में हुई।

घटम जो दक्षिण भारत का वाद्य यंत्र है और उत्तर भारत में कम ही सुनने को मिलता है। इस वाद्य की प्रस्तुति देने बेंगलुरु से सुप्रसिद्ध घटम वादक सुश्री सुकन्या रामगोपाल अपने साथी कलाकारों के साथ पधारी। उन्होंने सबसे पहले स्व रचित रचना घट तरंग का वादन किया, जो राग कुंतला वराली में निबद्ध थी। संगीत प्रेमी सुश्री सुकन्या की घटम पर दौड़ती उंगलियों की लयबद्ध गति बस देखते ही रह गए और उसमें से निकलने वाली मधुर ताल को शांत होकर सुनते रहे। इसके बाद उन्होंने शुद्ध घटम का वादन किया, जिसमें अन्य किसी वाद्य की संगत के बिना सिर्फ घटम वादन हुआ। उन्होंने शिष्या सुश्री सुमना चंद्रशेखर के साथ यह प्रस्तुति दी।

# बच्चों के लिए विधिक सेवा ईकाई के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

## नालसा द्वारा बच्चों के लिए बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं है







**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा बच्चों के लिए विधिक सेवा ईकाईध्लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन (एल.एस.यू.सी.) 2024 का गठन किया गया है। उक्त समिति के सदस्यगणों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के द्वारा शुक्रवार 20 दिसम्बर को ए.डी.आर. सेंटर भवन में किया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव वीरेन्द्र जोशी ने रखी। जोशी ने लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन (एल.एस.यू.सी.) 2024 के संबंध में जानकारी दी और बताया कि यह नालसा द्वारा चलाई जा रही योजना है जो कि बच्चों के लिए बाल-अनुकूल कानूनी सेवाए है। इसके अतिरिक्त जोशी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवं शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित सुउर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश ने पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी, साथ ही गुड टच एवं बैड टच की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि अपराध कहां से शुरू होता है और कहां तक होता है। अपराध के ईफैक्ट क्या होते है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुउर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश ने बताया कि आमजन को अपराध के प्रति जागरूक कैसे करें। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित शोभना मीणा प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्डध्न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी ने किशोर न्याय अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी। इसके साथ ही मीणा ने बताया कि किसी बच्चे को बच्चा मानने की सही उम्र क्या है तथा बाल कल्याण समिति के सदस्यों के कार्य के बारे में विस्तार से बताया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित अनुराग पाण्डेय परीवीक्षा अधिकारी महिला बाल विकास विभाग सीधी के द्वारा महिला बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग जिला सीधी अंतर्गत समस्त थानों में पदस्थ चाईल्ड प्रोटेक्शन यूनिट से संबंधित व्यक्तिध्बाल कल्याण अधिकारीगण(पुलिस अधिकारी) अशोक कुमार, राजमणि वर्मा, मनोज प्रजापति, कविता तिवारी, निर्मन शुक्ला, बुद्धसेन सिंह, संदीप वर्मा, राम सिया सोमवंशी, तेजभान सिंह, शिशुपाल सिंह, गोपाल सिंह, लालमणि बंशल भी उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्स के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुकेश कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश राजेश कुमार श्रीवास्तव, चतुर्थ जिला न्यायाधीश गौतम कुमार गुजरे, प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुउर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण सर्वश्री, सोनू जैन, शोभना मीणा, रेनू श्रीवास्तव, अभिषेक साहू, मृदुल लटौरिया, लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन (एल.एस.यू.सी.) समिति के समस्त सदस्यगण विनोद कुमार श्रीवास्तव, विद्याकांत मिश्रा, शत्रुघन कुमार गप्ता, महेन्द्र कुमार मिश्रा, सतीश कुमार उर्मलिया, पन्ना लाल सोनी, अखिलेश कुमार द्विवेदी, पूजा द्विवेदी, अभिषेक धर दुबे, रूबी सिंह, विनय तिवारी, सरोज सिंह, संदीप कुमार पाण्डेय, रानू मिश्रा, सुंदरलाल सिंह, लता जायसवाल, सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी, देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, समस्त अभियोजन अधिकारीगण, समस्त अतिरिक्त अभियोजन अधिकारीगण, समस्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्टॉफउपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव 23 एवं 24 दिसंबर को, पंजीयन करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन, विजेताओं को किया जाएगा पुरस्कृत

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी सीधी अरविन्द श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया है कि संचानालय खेल एवं युवा कल्याण (म0प्र0) भोपाल के निर्देशानुसार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जी के मंशानुसार पंच प्रण और आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 12 से 16 जनवरी 2025 के मध्य नई दिल्ली में 28 वाँ राष्ट्रीय युवा महोत्सव का अयोजन किया जा रहा है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी एवं शिक्षा विभाग, नेहरू युवा केन्द्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तात्वाधान में 23 दिसम्बर एवं 24 दिसम्बर को शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. सीधी क्र. 01 के हॉल में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि 23 दिसम्बर को कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान को 2500 रूपये, द्वितीय स्थान को 1500 रूपये, तृतीय स्थान को 1000 रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान को 5000 रूपये, द्वितीय स्थान को 2500 रूपये, तृतीय स्थान को 1500 रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा। पेटिंग प्रतियोगिता प्रथम स्थान को 2500 रूपये, द्वितीय स्थान को 1500 रूपये, तृतीय स्थान को 1000 रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा। फोटो ग्राफी एवं वर्कशाप प्रतियोगिता प्रथम स्थान को 2500 रूपये, द्वितीय स्थान को 1500 रूपये, तृतीय स्थान को 1000 रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा। कहानी लेखन प्रतियोगिता किया जाना निश्चित किया गया है। इसी प्रकार 24 दिसम्बर को विज्ञान मेला एकल के प्रथम पुरस्कार को 3000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार को 2000 रूपये, तृतीय पुरस्कार को 1500 रूपये पुरस्कृत किया जायेगा। विज्ञान मेला सामूहिक प्रथम पुरस्कार को 7000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार को 5000 रूपये, तृतीय पुरस्कार को 3000 रूपये पुरस्कृत किया जायेगा। जिला स्तरीय संस्कृत कार्यक्रम प्रथम पुरस्कार को 7000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार को 5000 रूपये, तृतीय पुरस्कार को 3000 रूपये पुरस्कृत किया जायेगा।

सामूहिक लोक नृत्य की विधायें आयोजित की जावेगी, तथा प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर निर्णायको द्वारा विजेता का चयन किया जायेगा। पंजीयन फार्म प्रतिभागिता करने वाले प्रतिभागियों द्वारा भरा जाना अनिवार्य है। आवेदन हेतु फार्म जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी से प्राप्त कर 22 दिसम्बर तक फार्म जमा करें। पंजीयन फार्म के आधार पर चयनकर्ता द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन होगा।

जिला स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन हेतु की जाने वाली व्यवस्थाऐ संबंधित जिले के जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी द्वारा की जावेगी। आयोजन पर होने वाले व्यय का वहन एवं वित्तीय सहायता नेहरू युवा केन्द्र द्वारा की जावेगी।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रिमाही बैठक 23 को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की सितम्बर 2024 त्रिमाही बैठक का आयोजन 23 दिसम्बर दोपहर 03 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

उन्होंने समस्त बैंक जिला समन्वयक को अवगत किया है कि कार्यसूची के अनुसार पूर्ण तैयारी के साथ सहभगिता सुनिश्चित करें। सितम्बर 2024 तक सभी आकड़े योजनावार जैसे प्राथमिकता क्षेत्र के अन्तर्गत सेक्टर वाईज बकाया ऋण आवेदन एवं वितरण, केसीसी, शिक्षा ऋण, स्वयं सहायता समूह ऋण, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री उद्यमक्रांति, मुद्रा ऋण आदि की पूर्ण जानकारी लेकर आना सुनिश्चित करें।

# चोरी हुई नई बाइक बरामद

## कोतवाली पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** कोतवाली पुलिस ने चोरी हुई नई बाइक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि 15 दिसंबर 2024 को कोतवाली अनूपपुर में वाहन स्वामी राकेश सिहं गोड़ पिता बिहारी सिहं गोड़ उम्र करीब 26 साल निवासी गोलद्दा थाना धनपुरी जिला शहडोल ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

उसने बताया था कि वह ग्राम निदावन में शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से आया था । शाम करीब चार बजे घर के बाहर चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू की।

पुलिस ने इस मामले में राजू सिहं गोड़ पिता मुन्ना सिहं गोड़ उम्र करीब 24 साल निवासी ग्राम बनगवां को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है।

# आधी रात को लात-घूंसों से लड़ाई, वीडियो वायरल

## पुराने विवाद पर आपस में भिड़े दो गुट, कट्टा लहराकर धमकाता दिखा दबंग



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास अपोलो क्रॉस गेट पर दो पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। जानकारी मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची लेकिन तब तक सभी लोग मौके से भाग गए थे। लेकिन घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। सीसीटीवी कैमरे में एक युवक सामने वाले पक्ष को कट्टा निकाल कर धमकाते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज में मारपीट के पहले कुछ लोग विवाद करते हुए दिख रहे हैं।

वीडियो में एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के कमर से कटा निकाल कर धमकाते हुए दिखाई दे रहा है। वही सीसीटीवी और वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुड़ गई है।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है जांच पड़ताल के बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया ई-सेवा केन्द्र एवं तलवाना काउंटर का लोकार्पण

## दूरस्थ क्षेत्रों से आये पक्षकारों को उनके केसों के बारे में सुलभ जानकारी प्रदाय करेगा






**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय सीधी में ई-सेवा केन्द्र एवं तलवाना काउंटर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत तथा पोर्टफोलिया न्यायाधिपति विवेक जैन की अनुमति पश्चात दिनांक 16.12.2024 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव पाण्डेय के द्वारा ई-सेवा केन्द्र एवं तलवाना काउंटर का लोकार्पण किया गया। उक्त ई-सेवा केन्द्र का कार्य दूरस्थ क्षेत्रों से आये हुये पक्षकारों को उनके केसों के बारे में सुलभ जानकारी प्रदाय करना है।

उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुकेश कुमार, मनीष कुमार श्रीवास्तव द्वितीय जिला न्यायाधीश, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह बघेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश राजेश कुमार श्रीवास्तव, चतुर्थ जिला न्यायाधीश गौतम कुमार गुजरे, प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुउर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण सर्वश्री, सोनू जैन, शोभना मीणा, रेनू श्रीवास्तव, अभिषेक साहू, अधिवक्ता संघ सीधी के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सहित जिला न्यायालय के समस्त अधिवक्तागण तथा जिला न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ लगाए नारे

# बाबा साहब के लिए की गई टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के खिलाफ देश के गृहमंत्री अमित शाह की ओर से की टिप्पणी के विरोध में पन्ना जिला कांग्रेस कमेटी ने नगर के अंबेडकर चौक पर धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। जिससे उन्हें तुरंत माफी मांगनी चाहिए।


दरअसल शुक्रवरी की दोपहर करीब 3 बजे पन्ना नगर अम्बेडकर तिगड्डे में जिला कांग्रेस कमेटी ने देश के गृह मंत्री के खिलाफ धरना दिया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह ने कहा कि बाबा साहब हमारे संविधान के निर्माता हैं। उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

भाजपा की हमेशा महापुरुषों के खिलाफ टिप्पणी करना उनकी आदत बन गई है। पूरे देश में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आक्रोश का माहौल कायम है और उन्हें अब बाबा साहेब के लिए की गई टिप्पणी के लिए माफी मांग लेनी चाहिए।

**ये हुए प्रदर्शन में शामिल:** इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष अनीश खान, मनीष मिश्रा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र अवस्थी, जीवन लाल सिद्धार्थ, पुरुषोत्तम जड़िया, वैभव थापक, डॉक्टर कादिर खान, अक्षय तिवारी, राज बहादुर पटेल, आस्था तिवारी, दीपक तिवारी, भूपेंद्र सिंह परमार, अभिषेक चौरसिया, मुन्नीलाल वाल्मीकि, रेहान मोहम्मद, सरदार यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार ट्रक ठेले से टकराया

# एक युवक सहित ड्राइवर घायल, एक गाय और दो स्ट्रीट डॉग की मौत



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर बस स्टैंड पर गुरुवार देर रात एक ट्रक ने ठेले को टक्कर मार दी। घटना में एक बाइक सवार युवक घायल हो गया, वहीं एक गाय और दो कुत्तों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का आगे का हिस्सा दब गया और ट्रक ड्राइवर चंद्रपाल (27) अंदर ही फंस गया।

आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से ड्राइवर को बाहर निकाला। इसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भेजा गया। क्रेन की मदद से ट्रक को पीछे खींचा गया।

जानकारी के अनुसार, टोरिया मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय रविंद्र अहिरवार तहसील में वकालत करता है। गुरुवार देर रात तहसील से घर जाते हुए वह बस स्टैंड पर केयर इंग्लिश स्कूल के सामने एक ठेले से बिरयानी पैक करवा रहा था।

तभी महोबा रोड़ से आते तेज रफ्तार खाली ट्रक ने पहले एक गाय को टक्कर मारी। उसके बाद दो स्ट्रीट डॉग को कुचलते हुए पीछे से बाइक पर सवार रविंद्र को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रक बिरयानी के ठेले के पास नीम के पेड़ में जा घुसा। घटना में गाय और दो स्ट्रीट डॉग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि रविंद्र घायल हो गया। सिटी कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्थानीय देवी दयाल अहिरवार ने बताया कि रविंद्र बस स्टैंड से बिरयानी लेकर घर जा रहा था। तभी एक ट्रैक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गया। ट्रक ड्राइवर भी घायल हुआ था। उसे जिला अस्पताल लाए, लेकिन कुछ देर रुकने के बाद वह अस्पताल से भाग गया।

**मामले की जांच जारी:** मामले में सिटी कोतवाली प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि एक बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रक बेकाबू हो गया था। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### कुल्हाड़ी मारकर पत्नी के मरने का इंतजार करता रहा

# लाश को निर्वस्त्र कर पानी से धोया, साले ने बताया खौफनाक मंजर



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल की पुरानी बस्ती में 17 दिसंबर की रात हुई महिला की हत्या में रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी सामने आई है। आरोपी पति ने पहले पत्नी के सिर में कुल्हाड़ी से वार किए। इसके बाद डंडा लेकर दम तोड़ने तक वहीं बैठा रहा। जब सांसें थम गईं, तब शव के कपड़े उतार दिए। पानी से शव को धोकर खून साफ किया। गुरुवार को शव का अंतिम संस्कार किया गया।

दरअसल, आरोपी का छोटा बेटा लूट के आरोप में जेल में है। बेटे की इस हालत के लिए वह अपनी पत्नी को ही जिम्मेदार मानता था। मंगलवार सुबह से उसने पत्नी से झगड़ना शुरू कर दिया। दोपहर में झगड़ा बढ़ा। शाम को पत्नी की हत्या कर डाली।

जब पत्नी के भाई पहुंचे, तो आरोपी ने डंडे से हमला करने की कोशिश की। भाइयों ने मिलकर अपने जीजा (आरोपी) को रस्सी से बांध दिया। कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सोमवती बैगा (40) की हत्या के आरोप में उसके पति महेंद्र बैगा (45) को गिरफ्तार कर लिया।

### आधी रात को लात-घूंसों से लड़ाई, वीडियो वायरल

# पुराने विवाद पर आपस में भिड़े दो गुट, कट्टा लहराकर धमकाता दिखा दबंग

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास अपोलो क्रॉस गेट पर दो पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। जानकारी मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची लेकिन तब तक सभी लोग मौके से भाग गए थे। लेकिन घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। सीसीटीवी कैमरे में एक युवक सामने वाले पक्ष को कट्टा निकाल कर धमकाते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विचार

## क्या इंडिया गठबंधन के सियासी चक्रब्यूह में घिर जाएंगे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी?

कमोबेश हर जगह युद्ध जीतने वालों को गुटबंदी की जरूरत पड़ती है और इस हेतु प्रायोजित चक्रब्युह हेतु किसी न किसी अभिमन्यु की तलाश रहती है। यूँ तो भारतीय राजनीति में एक नहीं, अनेक अभिमन्यु हैं, लेकिन यहां पर कांग्रेस युवराज और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के समक्ष समुपस्थित राजनीतिक परिस्थितियों की बात करना अधिक प्रासंगिक है। क्योंकि 10 वर्षों के अथक परिश्रम के बाद लोकसभा चुनाव 2024 में अपने कुशल नेतृत्व का डंका पिटवाने वाले राहुल गांधी आखिर हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जैसी जीती हुई बाजी हारकर अपने ही गठबंधन सहयोगियों के आंखों की किरकिरी कैसे बन गए? क्या सिर्फ इसलिए कि भाजपा के रणनीतिकारों के इशारे पर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन है जिसमें अधिकांश सूबाई क्षत्रप शामिल हैं? क्योंकि यही वह सफल गठबंधन है जिसने उसकी सारी सियासी हेकड़ी लोकसभा चुनाव 2024 में तोड़ कर रख दी और उसके सामने गठबंधन की मजबूरी खड़ी कर दी। वहीं, यूपी में उसके मोदी-योगी जैसे नेतृत्व के माथे पर चिंता की शिकन पैदा कर दी। या फिर शरद पवार और लालू प्रसाद की राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी नहीं हुई, जबकि ममता बनर्जी अपने मिशन में कामयाब रहीं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों को उनकी सियासी हद में रखा। या फिर समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इशारे पर कांग्रेस युवराज राहुल गांधी नहीं थिरक रहे हैं, इसलिए। क्योंकि शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे कांग्रेस के स्वाभाविक सहयोगी नहीं हैं। हालिया महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्हें कमतर बताने में कांग्रेस सफल रही और महाराष्ट्र के सियासी नक्शे से मिट गई। इसी प्रकार कांग्रेस ने दिल्ली से पंजाब तक आप को सिमटने पर विवश कर दिया और अखिलेश की सपा को भी यह जतला दिया कि सिर्फ यूपी में रहें, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र में उसके कंधे पर सवार होकर आगे बढ़ने का स्वप्न न पालें। यही वजह है कि ये सभी नेता कांग्रेस से नाराज हैं और तीसरे मोर्चे को पुनः खाद पानी देने की सियासी चाल चल रहे हैं। यही वजह है कि हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन में नेतृत्व के सवाल पर कांग्रेस नेतृत्व को नीचा दिखाने की तिकड़म जो तिकड़मी सियासत शुरू हुई और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद जैसे नेताओं ने भी कांग्रेस से पाला बदलने में हड़बड़ाहट दिखाई, उससे तो यही महसूस हुआ कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार जैसे सियासी धुरंधर अपने मकसद में कामयाब हो गए।

# भारतीय युवाओं में बढ़ रही व्यसन की प्रवृति को रोकना जरूरी

**प्रह्लाद सबनानी**

**आज भारत के विभिन्न कस्बों, नगरों, विशेष रूप से महानगरों में, कम उम्र के नागरिकों के बीच व्यसन की समस्या विकराल रूप धारण करती हुई दिखाई दे रही है। देश के कुछ भागों में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थी भी नशे की लत का शिकार हो रहे हैं। भारत का युवा यदि गलत दिशा में जा रहा है तो यह भारत के भविष्य के लिए अत्यधिक चिन्ता का विषय है। देश के पंजाब राज्य में तो हालात बहुत खराब स्थिति में पहुंच गए है एवं वहां ग्रामीण इलाकों में भी युवा विभिन्न प्रकार के व्यसनों में लिप्त पाए जा रहे हैं। नशे के सेवन से न केवल स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है बल्कि मानसिक तौर पर भी युवा वर्ग विक्षिप्त अवस्था में पहुंच जाता है। मेडिकल साइन्स के अनुसार, ड्रग्स के लंबे समय तक सेवन से लिवर, फेफड़े, हृदय और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है।**




ड्रग्स का सेवन इम्यून सिस्टम को कमजोर करता है, जिससे व्यक्ति आसानी से बीमार पड़ सकता है। अत्यधिक मात्रा में ड्रग्स लेने से व्यक्ति कोमा में जा सकता है या मृत्यु भी हो सकती है। इसी प्रकार ड्रग्स के सेवन से डिप्रेशन, एंग्जायटी, और सिजोफ्रेनिया जैसी मानसिक बीमारियों को बढ़ावा मिलता है। ड्रग्स लेने वाले व्यक्ति को चूंकि इनकी लत लग जाती है अतः वह व्यक्ति मानसिक और भावनात्मक रूप से ड्रग्स पर निर्भर हो जाता है। ड्रग्स के आदी व्यक्ति का व्यवहार भी आक्रामक हो जाता है, जिसके कारण परिवार में तनाव और झगड़े बढ़ जाते हैं। ड्रग्स पर पैसा खर्च करने से व्यक्ति और उसके परिवार की आर्थिक स्थिति भी डावांडोल होने लगती है। ड्रग्स को खरीदने के लिए धन की आवश्यकता पड़ती है, यदि परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी हो और युवाओं को परिवार से धन की प्राप्ति नहीं होती है तो ड्रग्स की लत के कारण युवा चोरी, लूटपाट या अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं। यह स्थिति भारत के लिए ठीक नहीं कही जा सकती है क्योंकि एक तो उस युवा का देश के विकास में योगदान लगभग शून्य हो जाता है, दूसरे, वह व्यक्ति अपने परिवार एवं समाज पर बोझ बन जाता है। हम अक्सर मदिरापान और धूम्रपान की स्थिति में कैंसर का डर दिखाकर तम्बाकू निषेध को लक्षित करते हैं। जबकि व्यसनों के कई प्रकार हैं। ड्रग्स के विभिन्न प्रकार और उनके प्रभावों को समझना जरूरी है ताकि इसके दुरुपयोग से बचा जा सके। ड्रग्स से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में जागरूकता फैलाकर ही एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण किया जा सकता है। आज देश में ड्रग्स की उपलब्धता बहुत आसान हो गई है। कई अंतरराष्ट्रीय गिरोह भारतीय युवाओं को अपनी गिरफ्त में लेकर कई प्रकार के ड्रग्स आसानी से उपलब्ध कराते हैं और उन्हें इनका आदी बना देते हैं। ड्रग्स के भी कई प्रकार हैं। जैसे, (1) डिप्रेसेंट्स इस श्रेणी में अल्कोहल, बार्बिटुरेट्स, बेंजोडायजेपाइन आदि को शामिल किया जाता है। इस प्रकार के ड्रग्स मस्तिष्क की गतिविधि को धीमा कर देते हैं, जिससे व्यक्ति को शांति या सुकून महसूस होता है। लेकिन, अधिक मात्रा में लेने से यह सांस की तकलीफ, बेहोशी और मृत्यु का कारण बन सकते हैं। (2) स्टिमुलेंट्स इस श्रेणी में कोकीन, मेथामफेटामिन, कैफीन आदि को शामिल किया जाता है। यह ड्रग्स मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र की गतिविधि को बढ़ाते हैं, जिससे चुस्ती और ऊर्जा बढ़ती है। इसके अधिक सेवन से दिल की धड़कन तेज होना, हाई ब्लड प्रेशर, और घबराहट जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। (3) ओपिओइड्स हेरोइन, मॉर्फिन, कोडीन आदि को इस श्रेणी में शामिल किया जाता है। इस प्रकार के ड्रग्स दर्द निवारक दवाएं हैं, लेकिन नशे के रूप में इनका दुरुपयोग किया जाता है। ओपिओइड्स का अधिक सेवन श्वसन तंत्र को धीमा कर देता है, जिससे व्यक्ति कोमा या मृत्यु का शिकार हो सकता है। (4) साइकेडेलिक्स एलएसडी, साइलोसाइबिन (मशरूम), डीएमटी आदि ड्रग्स इस श्रेणी में शामिल किए जाते हैं एवं इस प्रकार के ड्रग्स व्यक्ति की धारणा, विचार और मूड को बदल देते हैं। यह मतिभ्रम पैदा कर सकते हैं। (5) इनहेलेंट्स = पेट्रोल, गोंद, स्प्रे पेंट आदि को इस श्रेणी में शामिल किया जाता है। इन पदार्थों को सूंघकर नशा किया जाता है। यह मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचाते हैं। (6) कैनाबिनोइड्स गांजा, भांग, हशीश आदि को इस श्रेणी के ड्रग्स में शामिल किया जाता है। इस प्रकार के ड्रग्स सुखद अनुभव कराते हैं, लेकिन अधिक मात्रा में लेने से मनोवैज्ञानिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

कुल मिलाकर देश में ड्रग्स की समस्या विकराल रूप धारण करती दिखाई दे रही है एवं इसने विशेष रूप से युवाओं को अपने आगोश में लेना शुरू कर दिया है। दरअसल युवा, फिल्मों आदि को देखकर इसके सेवन को उचित मानने लगता है एवं इसके सेवन से समाज में उच्च स्थान प्राप्त करने का प्रयास करता है। उसे लगता है कि उच्च सोसायटी में नशे का सेवन करना जैसे आम बात है। परंतु, नशे से होने वाले नुक्सान से सर्वथा अनभिज्ञ रहता है। इसलिए विशेष रूप से युवाओं को नशे की लत से छुड़ाना अति आवश्यक है। हालांकि, हाल ही के समय में नशे की समस्याओं से युवा किस प्रकार परेशानी का सामना करता है जैसे विषयों को लेकर कई फिल्में भी बनाई गई हैं, इन्हें देखकर युवाओं में जागरूकता पैदा की जा सकती है। उड़ता पंजाब (2016), इस फिल्म में पंजाब में ड्रग्स की समस्या और उससे जूझते युवाओं की कहानी है। संजू (2018), इस फिल्म में युवाओं में ड्रग्स की लत और उससे बाहर निकलने की कहानी को दिखाया गया है। फैशन (2008), इस फिल्म में एक मॉडल को दिखाया गया है, जो शोहरत की दुनिया में ड्रग्स की लत का शिकार हो जाती है। डरना जरुरी है (2006), इस फिल्म की कहानी एक विशेष ड्रग एडिक्शन पर केंद्रित है। तमाशा (2015), इस फिल्म में नशे और आत्म-खोज की चुनौती को दर्शाया गया है। इसी प्रकार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कुछ फिल्मे बनाई गईं है। (2000), इस फिल्म में ड्रग्स की लत और उसके विनाशकारी प्रभावों को बहुत ही गहराई से दिखाया गया है। (1996), इस फिल्म में हेरोइन की लत से जूझते युवाओं की कहानी दिखाई गई है और इसमें नशे की भयावहता को दिखाया गया है (2018), इस फिल्म में एक पिता और उसके बेटे की कहानी दिखाई गई है, जिसमें बेटा नशे की लत से जूझ रहा है। (1995), इस फिल्म में एक किशोर की कहानी दिखाई गई है, जो नशे की लत में फंस जाता है और उसका जीवन बर्बाद हो जाता है। (2018), इस फिल्म में ड्रग्स और शराब की लत से जूझते युवा को दिखाया गया है, जिससे उसके करियर और रिश्तों पर असर पड़ता है।

आज का युवा चूंकि फिल्मों की ओर अधिक आकर्षित होता है अतः व्यसनों से छुटकारा पाने के सम्बंध में बनाई गई फिल्मों का वर्णन किया गया है। परंतु, युवाओं को नशामुक्त करने की दृष्टि से विभिन्न संगठनों द्वारा जागरूकता अभियान चलाना आज आवश्यक हो गया है। सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक केंद्रों पर व्यसन के दुष्प्रभावों पर आधारित जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए।

फिल्म फेस्टिवल, नुक्कड़ नाटक, सेमिनार, और सोशल मीडिया का उपयोग कर व्यसनों के नुकसान के बारे में युवाओं को जानकारी दी जा सकती है। स्कूलों और कॉलेजों में नशा विरोधी शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए जिससे छात्रों को छोटी उम्र से ही व्यसनों के खतरों के बारे में शिक्षित किया जा सके। नशे से संबंधित गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर इतनी सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए कि वह समाज के सामने उदाहरण बने। अवैध शराब और नशीले पदार्थों की बिक्री पर निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए एवं दोषियों पर कठोर दंड लागू किया जाना चाहिए। विभिन्न कस्बों एवं नगरों में स्थानीय स्तर पर कार्य कर रहे ह्लह्न और समुदाय आधारित संगठनों को नशमुक्ति अभियान में शामिल किया जाना चाहिए।

# सच ही तो है- अंबेडकर जी सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं

**प्रवीण गुगनानी**

भाजपा के डीएनए में प्रारंभ से ही दलित विमर्श रहा है, क्योंकि इसका मातृ संगठन आरएसएस प्रारंभ से ही सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने वाला संगठन रहा है। इस दलित विमर्श के ही डीएनए का परिणाम है कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इस देश में अंबेडकर जी को 'भारत रत्न' सम्मान मिल पाया। अंबेडकर जी को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया, उसने तो नेहरू जी के प्रधानमंत्री रहते नेहरू जी को और इंदिरा जी की सरकार रहते इंदिराजी को भारत रत्न दे दिया था। अंबेडकर जी, संत पेरियार, महात्मा फुले, नारायण स्वामी जैसे दलित महापुरुष संघ के प्रतिदिन होने प्रातः स्मरण मंत्र में सम्मिलित हैं। संघ के स्वयंसेवक जो भाजपा के कार्यकर्ता बनते हैं वे प्रतिदिन सुबह के अपने प्रातः स्मरण के मंत्र में अंबेडकर जी का नाम श्रद्धा से लेते हैं। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व के सबसे बड़े मजदूर नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी तो बाबासाहेब के चुनाव में आधिकारिक एजेंट की भूमिका में रहे हैं। इस तथ्य से आप उस कालखंड में संघ व अंबेडकर जी की म्यूचुअल अंडरस्टेंडिंग या केमिस्ट्री को समझ सकते हैं। संघ के मूल चिंतन में दलित चिंता सदैव से रही है, इसका परिणाम है कि, मुंबई में जिस स्थान पर भाजपा का जन्म हुआ, उस स्थान का नाम संघ के प्रचारकों ने समता नगर रखा था। यह नाम एक बड़ा प्रतीक था भाजपा के दलित चिंतन वाले डीएनए का। बड़े दलित नेता व दलित पेंथर मूवमेंट के नेता दत्ताराव सिंदे यह सब देखकर ही भाजपा के कार्यकर्ता बने थे। संविधान पर चर्चा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा उसके पहले 11 सेकंड के अंश को भ्रामक रूप से देश भर में फैलाया जा रहा है। इससे कांग्रेस, अंबेडकर जी को फैशन का विषय मानने के, अपने चिर पुराने चरित्र को ही दोहरा रही है। गृहमंत्री जी के इस व्यक्तव्य को यदि पूरा सुनेंगे तो अंबेडकर जी के अपमान के सारे वहम दूर हो जाते हैं। अमित शाह ने कहा - हमे तो आनंद है कि अंबेडकर का नाम लेते हैं। अंबेडकर का नाम आप 100 बार ज्यादा लो, लेकिन साथ-साथ अंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये भी बताता हूं। अंबेडकर को देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों देना पड़ा। अंबेडकर जी ने कई बार कहा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के प्रति हो रहे व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं। शाह ने आगे कहा, अंबेडकर जी को आश्वासन दिया गया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया, बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कई बार कहा कि वह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ होने वाले व्यवहार से असंतुष्ट हैं। अंबेडकर को आश्वासन दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ, इसलिए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

बार बार संविधान और फैशन में अंबेडकर जी का नाम रटने वाली कांग्रेस ने तो बाबा साहेब को संविधान सभा के 296 सदस्यों में अंबेडकर जी को प्रवेश तक भी न मिलने देनें हेतु षड्यंत्र रचे थे। बाद में दलित नेता जोगेंद्रनाथ मंडल के सहयोग से वे येन केन प्रकारेण संविधान सभा में प्रवेश कर पाये थे। अंबेडकर जी बंगाल की जिस खुलना जैसोर सीट से संविधान सभा में पहुँचे थे वह इकहत्तर प्रतिशत हिंदू बहुल थी। देश विभाजन में ईक्कावन प्रतिशत हिंदू बहुल वाले क्षेत्रों को भारत में



रहने देना तय हुआ था। केवल बाबासाहेब को संविधान सभा में घुसने से रोकने के लिए कांग्रेस ने बंगाल का यह इकहत्तर प्रतिशत वाला जिला पाकिस्तान को दे दिया था ताकि अंबेडकर जी की संविधान सभा की सदस्यता रद्द हो जाए।

आज अंबेडकर जी का नाम फैशन में लेने वाली कांग्रेस ने तो अंबेडकर जी का चित्र तक लोकसभा में नहीं लगने दिया था। संसद में, गैरकांग्रेसी सरकार बनने पर ही अंबेडकर जी का चित्र लग पाया था।

भाजपा ने अंबेडकर जी से जुड़े पाँच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। बाबासाहेब लंदन में जिस घर में रहे, भाजपा सरकार ने उसका भी अधिग्रहण किया व उनके स्मारक के रूप में उसे लंदन तक में विकसित किया। भाजपा ने ही चैत्य भूमि को विकसित किया और प्रधानमंत्री मोदी वहाँ स्वयं प्रार्थना करने हेतु गए। भाजपा ने दिल्ली के 26, अलीपुर रोड को भी विकसित किया जहां बाबासाहेब ने अपना अंतिम समय व्यतीत किया था।

देश विभाजन की जनक कांग्रेस के सामने बाबासाहेब प्रारंभ से ही अखंड भारत के पक्ष में थे। यह नेहरू जी को बहुत भयभीत करता था। नेहरू जी वे अंबेडकर जी की प्रतिभा को जानते थे अतः वे उन्हें सत्ता की दहलीज़ तक भी नहीं आने देना चाहते थे। अंबेडकर जी मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किए जा रहे गांधी जी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना के पुरजोर विरोध में थे। अंबेडकर जी की पुस्तक थॉट्स ऑन पाकिस्तान में इसका पूरा विवरण है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के चलते कांग्रेस ने देश का विभाजन कर डाला। बाबासाहेब का यह स्पष्ट मानना था कि चूँकि धर्म आधारित विभाजन हुआ है अतः संपूर्णतः तुम उधर-हम इधर की नीति अपनाई जानी चाहिए।

बाबासाहेब ने अपनी पुस्तक थॉट्स ऑन पाकिस्तान में भारत के धार्मिक आधार पर पूर्ण विभाजन के आशय से पृष्ठ 103 पर लिखा यह बात स्वीकार कर लेनी चाहिए कि पाकिस्तान बनने से हिंदुस्तान सांप्रदायिक समस्या से मुक्त नहीं हो जाएगा। अंबेडकर जी के इन्ही मुस्लिम विरोधी विचारों के कारण से 'मुस्लिम तुष्टिकरण में लगे नेहरू जी व गांधी जी' अंबेडकर जी को आगे नहीं आने देना चाहते थे। इसी क्रम में मुंबई से दो बार अंबेडकर जी को चुनाव में षड्यंत्रपूर्वक हरवाया गया। इन दोनों बार के चुनावों में अंबेडकर जी की पराजय को सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री नेहरू जी ने स्वयं मुंबई जाकर चुनाव प्रचार किया था व अपने विरोधी दलों से भी अंबेडकर जी को पराजित कराने हेतु मित्रतापूर्ण संबंध बनाए थे।

# 200 लोगों से 5 करोड़ की ठगी

## 5 गुना रिटर्न के चक्कर में फंसे, शुरुआती 3 महीने तक डॉलर में रिटर्न भी मिला





**मीडिया ऑडीटर, गरियाबंद एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में 5 गुना मुनाफे के चक्कर में करीब 200 लोगों से 5 करोड़ से ज्यादा की ठगी हो गई। लोगों ने ट्रेड एक्सपो ऐप के जरिए रुपए निवेश किए थे लेकिन अब वे पैसे नहीं निकाल पा रहे हैं। राजिम पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है।

पीड़ित संतोष देवांगन ने बताया कि राजाराम तारक, शरद चंद शर्मा और पीपरछेड़ी हॉस्टल अधीक्षक यशवंत नाग ने रकम पांच गुना करने की बात कही थी। झांसे में आकर सैकड़ों लोगों ने 5 करोड़ से ज्यादा की रकम निवेश कर दी।शुरुआती 3 महीने में डॉलर में रिटर्न भी मिला था।

**3 महीने तक रिटर्न भी मिला:** साल भर पहले ट्रेड एक्सपो नाम का एक ट्रेडिंग ऐप लॉन्च किया गया था। इन सक्रिय एजेंटों ने अलग-अलग तरीके से प्रचार किया। इसके चलते कई लोग ऐप में जॉइन हो गए। निवेश के रकम के आधार पर निवेशकों के खाते में रोजाना आधा से एक प्रतिशत ब्याज दर के आधार पर रकम भी डालते गए।

निवेशकों के मुताबिक, रकम सीधे दुबई जा रही थी और डॉलर में रिटर्न मिल रहे थे। इसी रिटर्न का प्रचार कर कारोबार को बढ़ाया गया। 3 महीने तक रिटर्न भी दिया जाता रहा। इसके बाद निवेश करने वालों की संख्या और निवेश रकम का आंकड़ा भी बढ़ने लगा।

**घर-बाड़ी बेच कर निवेश किया गया:** रिटर्न मिलने पर लोग मार्केट से ब्याज में पैसे उठाकर भी पैसे डालने लगे। शिक्षकों ने अपनी बचत पूंजी को निवेश किया। बताया जा रहा है कि, जिले के दर्जनभर पुलिस वाले भी झांसे में आ गए। परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर रुपए लगाए गए हैं।

**चिट फंड में डूबो चुके 181 करोड़:** सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक जिले के 93 हजार 598 लोगों ने अलग-अलग चिट फंड कंपनियों में 7 साल पहले 181 करोड़ गंवा चुके हैं। सबसे ज्यादा राजिम अनुविभाग में 100 करोड़ का निवेश हुआ। ट्रेडिंग ऐप में फंसे ज्यादातर लोग भी इसी राजिम इलाके से आते हैं।

**पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया:** एडिशन एसपी जितेंद्र चंद्राकर ने बताया कि राजिम पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 3 लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# पति-पत्नी ने एक-दूसरे को पेट्रोल डालकर जलाया

## घरेलू विवाद में सड़क पर लड़ रहे थे, 80% तक झुलसे, पति की हालत नाजुक





**मीडिया ऑडीटर, बलरामपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में पति-पत्नी ने एक-दूसरे पर आग लगा दी। मदनपुर में घरेलू विवाद को लेकर दोनों सड़क पर झगड़ा कर रहे थे। इसी दौरान गुस्से में घर से पेट्रोल उठाकर लाए और फिर एक-दूसरे पर डाल दिया।

आग लगने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए हैं। दोनों को गंभीर हालत में सीएचसी वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया है। पति-पत्नी दोनों को प्राथमिक इलाज के बाद अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

**माचिस जलाते ही दोनों आग की लपटों से घिरे:** जानकारी के मुताबिक, वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम मदनपुर निवासी मो. शमशाद (40) का पत्नी जुलेखा बेगम (36 से गुरुवार शाम विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों घर से बाहर निकलकर सड़क पर लड़ने लगे।

इस दौरान पति शमशाद घर में पेट्रोल से भरा डिब्बा (जेरी कैन) लेकर बाहर निकला और पत्नी पर डालने लगा, इस दौरान पत्नी जुलेखा ने भी उसी डिब्बे से पति पर पेट्रोल छिड़क दिया। विवाद के बीच मो. शमशाद ने जैसे ही माचिस जलाई, दोनों आग की लपटों की चपेट में आ गए।

**गंभीर रूप से झुलसे पति-पत्नी, पति गंभीर:** दोनों को आग की लपटों में घिरा देख आसपास के लोगों और परिजनों ने किसी तरह आग बुझाई। हादसे में मो. शमशाद करीब 80 फीसदी से अधिक झुलस गया है। पत्नी जुलेखा बेगम भी 60 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गई है।

सीएचसी वाड्रफनगर में दोनों का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि मो. शमशाद के शरीर का अधिकांश हिस्सा झुलस गया है, जिसके चलते उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं जुलेखा बेगम भी काफी झुलस गई है। दोनों को अंबिकापुर उपचार के लिए रेफर किया जा रहा है।

**पुलिस जांच में जुटी:** वाड्रफनगर चौकी प्रभारी डागेश्वर सिंह ने बताया कि फोन से घटना की सूचना मिली है। पुलिस टीम को सीएचसी वाड्रफनगर भेजा गया है। मो. शमशाद ड्राइवर का काम करता है। दोनों के बीच विवाद क्यों हुआ? इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। मामले में परिजनों से पूछताछ की जाएगी।

## जिले में राशनकार्ड नवीनीकरण की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ी




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन पर खाद्य विभाग जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा सभी राशनकार्डधारियों के लिये यह जानकारी प्रसारित की गई है कि शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ायी गयी है। जिन राशनकार्डधारियों ने अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं करवाया हैं वे दिए गए अवधि तक अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण करा सकते हैं। नवीनीकरण हेतु राशन कार्ड के सदस्यों का ई-केवाईसी होना अनिवार्य है। दिसंबर 2023 की स्थिति में जिले में कुल 105946 राशनकार्ड प्रचलित थे। जिनमें से 97310 राशन कार्डों का नवीनीकरण किया जा चुका है।

## नशामक्ति के विरुद्ध भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा चलाया जा रहा नशामुक्ति अभियान



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी निप्र।** शहर के कई इलाकों में नशा का व्यापार अपने पैर पसार रहा है, जिसकी चपेट में समाज के युवा वर्गों के साथ ही साथ किशोरावस्था में कदम रखने वाले बच्चे भी नशे की आगोश में अपनी सुध बुध खो कर अपना भविष्य तो खराब कर ही रहे हैं। समाज में रहने वाले कई लोगों के घर परिवारों में दुख और तकलीफ़ का माहौल बना रहता हैं। गरीब कस्बे के लोगों से ले कर पूरा का पूरा समाज नशे के इस कालाबाजारी से त्रस्त है, इस विषय को बड़ी ही गंभीरता से लेते हुए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल प्रसाद एवं अन्य सदस्यों के साथ नशामुक्ति अभियान चला रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने इसी संबंध में पुलिस प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी, चिरमिरी की सी एस पी दिपीका मिंज को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने नशे के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी। जिस पर चिरमिरी शहर की नगर पुलिस अधीक्षक दिपीका मिंज द्वारा उन्हें आश्वासित करते हुए कहा गया कि पुलिस द्वारा नशे के कारोबारियों पर कठोर कार्यवाही भी की जाएगी और इस गंभीर समस्या से लोगों को निजात दिलाने में पुलिस प्रशासन हर संभव प्रयास भी निरंतर करते रहेगी। सोचने वाली बात यह है कि गली चौराहे में बिक रहे अवैध मादक पदार्थ का रोकथाम हो पाएगा या नहीं, सरकार इस विषय को लेकर जन जागरूकता अभियानक क्यों नहीं चलता है। क्या पुलिस प्रशासन एवं आबकारी विभाग की इसकी जानकारी नहीं है। अगर है तो अवैध कार्य करने वाले समाज के बीच क्यों फल फूल रहे हैं। आखिरकार इसका जिम्मेदार कौन है। देखने वाली बात यह है कि पुलिस प्रशासन कब तक अवैध कारोबारीयो पर लगाम लगाने में कामयाब हो पा रही है या नहीं।

# भाभी को देवर ने पीट-पीटकर मार डाला

## सिर पर डंडे से वार कर किया लहूलुहान, बेहोश होने के बाद भी पीटा



**मीडिया ऑडीटर, कांकेर/धमतरी एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में देवर ने भाभी को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। महिला को लहूलुहान हालत में धमतरी जिले के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर उसे रायपुर रेफर किया। लेकिन महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक मृतका सातो बाई मंडावी (50) पति कंवर सिंह मंडावी कांकेर जिले के ग्राम खैरवाही की रहने वाली थी। गुरुवार को आरोपी देवर तुसली राम मंडावी ने घर में घुसकर भाभी पर हमला कर दिया।

**चारमा थाने में मारपीट की रिपोर्ट भी दर्ज:** महिला के सिर पर गहरी चोट आई और पीठ पर डंडे से पिटाई से खून जमने के निशान पड़ गए। गुरुवार को चारमा थाने में मारपीट का रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी।

**डंडे से किया सिर पर हमला:** परिजनों ने बताया कि सातो बाई घर में चावल का साफ कर रही थी, तभी पीछे से आरोपी तुलसी मंडावी ने डंडे से सिर पर हमला कर दिया। इससे महिला खून से लथपथ होकर बेहोश हो गई। आरोपी इसके बाद भी नहीं रुका और महिला को डंडे से पीटता रहा।

**पुरानी रंजिश के चलते की हत्या:** परिजनों का कहना है कि पुरानी रंजिश के चलते देवर तुलसी मंडावी ने भाभी को मारा है। वारदात के बाद आरोपी भाग गया। परिजन महिला को चारमा के अस्पताल में लेकर आए। यहां से रेफर करने के बाद महिला को धमतरी के निजी अस्पताल लाया गया। यहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया।

**संबंधित थाने को भेजी जाएगी डायरी:** धमतरी जिला अस्पताल चौकी प्रभारी सीआर पनागर ने बताया कि पंचनामा कर महिला के शव को परिजनों को सौंप

# विकासखंड भरतपुर में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन/नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु महिला कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण






**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** विगत दिवस 19 दिसम्बर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरतपुर के निर्देशन में नोडल अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरतपुर के द्वारा विकासखंड भरतपुर में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन/नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु कुल 225 महिलाओं को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें तीन केंद्र बनाए गए थे। स्वामी आत्मानंद स्कूल भरतपुर में कुल 80 प्रशिक्षणार्थी, विकासखंड स्त्रोत सभा कक्ष में 55 प्रशिक्षणार्थी तथा जनपद सभा कक्ष में 90 प्रशिक्षणार्थियों को मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं चुनाव की बारीकियों को समझाया गया।

मतदान केंद्रों का चयन, सुरक्षा व्यवस्था, नामांकन प्रक्रिया और प्रतीकों का आवंटन सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही मतदान दलों का गठन, मतदान सामग्री का वितरण और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की जिम्मेदारी भी रिटर्निंग ऑफिसर की होगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। सभी राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों को अपने नामांकन पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र और आवश्यक कागजात जमा कराने के लिए निर्देश दिए हैं। वहीं, निर्वाचन व्यय की सीमा और उससे संबंधित जानकारी भी स्पष्ट रूप से दी जाएगी। सभी राजनीतिक दलों को प्रचार सामग्री के लिए पूर्व में अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। मतदान प्रक्रिया के लिए प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। जिसमें पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र का उपयोग होगा। मतदाता घूमते तीर के चिन्ह वाली रबर मोहर का उपयोग कर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतपेटियों के लिए गोदरेज और एमपी टाइप की पेटियों का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रवेश और निकासी मार्ग अलग-अलग रखे जाएंगे। हर मतदान केंद्र में दो मतदान कक्ष होंगे और पर्याप्त बिजली, पानी एवं शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई है। मतदान के बाद मतपेटियों को सील किया जाएगा और सभी अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतगणना होगी। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला सदस्य की मतगणना क्रमवार की जाएगी। सभी प्रशिक्षणार्थियों को निर्देश दिया कि वे चुनाव प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखें।

# घर में घुसकर महिला से गैंगरेप

## सिगरेट पीने बदमाश पहुंचे थे दुकान, अकेली पाकर बिगड़ी नीयत, हत्या की धमकी देकर वारदात



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में महिला से गैंगरेप हुआ है। घर में घुसकर दो बदमाशों ने दुष्कर्म किया है। युवक महिला की दुकान में सिगरेट पीने के लिए गए थे। तभी महिला को अकेली देखकर उनकी नीयत बिगड़ गई। घटना दस दिन पहले की है।

डरी-सहमी महिला ने अब इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस के मुताबिक जरहाभाठा ओमनगर निवासी धरमलाल सूर्यवंशी (21) और देवराज वर्मा ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया है।

**पहले अकेली देखकर मोबाइल नंबर मांगा:** वारदात से तीन दिन पहले दुकान जाकर धरमलाल ने महिला से उसका मोबाइल नंबर मांगा था, लेकिन महिला ने नंबर नहीं दिया। इसके बाद आरोपी ने दुकान के बाहर लिखा नंबर देखा और फोन करने लगा। दो दिन तक वो गांव में रहा। फिर वापस लौट गया।

**तीन दिन बाद दोस्त के साथ आया:** महिला ने पुलिस को बताया कि, तीसरे दिन 10 दिसंबर को दोपहर धरमलाल उर्फ निहाल सूर्यवंशी और सरकंडा के मुक्तिधाम के पास रहने वाला देवराज वर्मा (40 साल) उसके घर से लगे दुकान आए थे। फिर सिगरेट खरीद कर बाहर पीने लगे।

इस दौरान महिला दुकान बंद कर पानी लेने अपने घर गई। तभी महिला को अकेली पाकर दोनों उसके घर में घुस गए। दोनों ने महिला को डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर दोनों ने धमकाते हुए कहा कि, किसी को बताएगी तो तुझे जान से मार देंगे।

**डरी-सहमी महिला ने दी जानकारी:** एएसआई सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि दोनों आरोपियों की धमकियों से डरी-सहमी महिला 10 दिन तक चुप रही। बाद में महिला ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी, इसके बाद उसने 17 दिसंबर को कोनी थाने पहुंचकर शिकायत की।

**शिकायत के बाद आरोपी गिरफ्तार:** महिला का बयान दर्ज कर पुलिस ने केस दर्ज किया और दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान घुटकू, सिंदरी, निरतु, तुरकाडीह, कछार, लोफंदी, बॉम्बे आवास और आसपास के इलाकों में उनकी तलाश की गई। इसके बाद पुलिस ने सरकंडा और जरहाभाठा में दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# ऑटो में पैर अड़ाकर बैठा, फिर ड्राइवर को मारा चाकू

## बदमाश बोला- मैं बैठा हूं तो तेरे बाप का क्या जाता है



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में एक बदमाश ने ऑटो ड्राइवर पर चाकू मार दिया, जिससे वह खून से लथपथ होकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

टीआई एसआर साहू ने बताया कि कुदुदंडा के 27 खोली निवासी सुमन सिंह ठाकुर का बेटा राजा सिंह ठाकुर (21) ऑटो चालक है। वह ऑटो चलाकर अपना परिवार चलाता है। राजा अपना ऑटो घर के पास गली में पार्क करता है। गुरुवार शाम को भी उसने गली में ऑटो पार्क किया था। जब वह ऑटो चलाने निकला तो ऑटो में मंगला के धुरीपारा निवासी अरविंद पटेल बैठा था।

**स्टेयरिंग पर पैर अड़ाकर बैठा था बदमाश:** राजा सिंह जब ऑटो निकालने गए तो अरविंद पटेल स्टीयरिंग पर पैर रखकर बैठे थे। जब उन्होंने अरविंद को स्टीयरिंग पर पैर रखकर बैठने से रोका तो वह गाली-गलौज करने लगा और कहने लगा कि तेरे बाप का क्या जाता है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

**गले में मार दिया चाकू, खून से लथपथ युवक अस्पताल में भर्ती:** इस दौरान बदमाश अरविंद पटेल ने चाकू निकाल लिया। देखते ही देखते उसने राजा के गले में चाकू से वार कर दिया, जिससे राजा खून से लथपथ होकर घायल हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिजन पहुंचे, जिन्होंने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

इस घटना के बाद आरोपी बदमाश भाग निकला। लोगों ने चाकूबाजी की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## 16 साल के नाबालिग ने चुराई 3 स्कूटी

# बेचने निकला तो पकड़ा गया, सभी गाड़ियां एक ही इलाके से की चोरी




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर पुलिस ने एक 16 साल के नाबालिग को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। नाबालिग ने एक के बाद एक तीन स्कूटी चोरी की। जब उसे वह बेचने के लिए निकला तो पुलिस को सूचना मिल गई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है।

अमित अग्रवाल ने थाना गुढ़ियारी में एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह 2 अक्टूबर को रात साढ़े 10 बजे अपनी होंडा एक्टिवा को गुढ़ियारी पड़ाव के पास खड़ी किया था। अगले दिन सुबह जब देखा तो वहां पर गाड़ी मौजूद नहीं थी। उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही थी। तभी सूचना मिली कि एक नाबालिग खालबाड़ा के पास एक स्कूटी बेचने की फिराक में घूम रहा है।

**कड़ाई से पूछताछ में सच उगला:** पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। उससे वाहन के संबंध में पूछताछ करने व कागजात दिखाने की बात पर वह गुमराह करने लगा। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा वाहन को पड़ाव गुढियारी से चोरी करना बताया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के पास से तीन गाड़ियां बरामद की है जिसे उसने गुढ़ियारी इलाके से ही चोरी की थी।

## शिवेसना यूबीटी नेता संजय राउत के बंगले की रेकी

**मुंबई( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव) के नेता और राज्य सभा सांसद संजय राउत के बंगले की रेकी किए जाने का दावा किया गया है। बंगले पर तैनात कर्मचारियों ने शुक्रवार को भांडुप पुलिस थाने में शिकायत की। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह 9 बजे संजय के बंगले (मैत्री) पर बाइक सवार दो लोग पहुंचे। दोनों ने बंगले के कुछ फोटो खींचे, कुछ देर वहां रुके और चले गए। बंगले की सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों और अन्य लोगों ने बाइक सवारों देखा तो इसकी जानकारी संजय के भाई सुनील राउत को दी। वे इलाके के विधायक हैं। जानकारी मिलने पर पुलिस को बंगले पर पहुंची। वहां लगे सीसीटीवी में बाइक सवार नजर आए हैं। पुलिस ने कहा- मामले की जांच शुरू की गई है। फिलहाल केस दर्ज नहीं कराया गया है। पुलिस ने कहा कि जांच में कुछ गंभीर पाया जाता है तो केस दर्ज किया जाएगा। संजय राउत उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के सीनियर लीडर हैं। 2022 में । वे पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता भी हैं। राजनीति में आने से पहले संजय राउत क्राइम रिपोर्टर हुआ करते थे। लोकप्रभा पत्रिका से करियर की शुरुआत करने वाले संजय राउत को अंडरवर्ल्ड रिपोर्टिंग का एक्सपर्ट माना जाता था। दाऊद इब्राहिम, छोटा राजन और अंडरवर्ल्ड पर लिखी उनकी रिपोर्ट्स की मुंबई में खूब चर्चा हुआ करती थी। राउत के लिए कहा जाता है कि वे क्राइम रिपोर्टर होने के बावजूद कभी पुलिस चौकी नहीं गए और न ही कभी किसी खबर को लेकर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। क्राइम रिपोर्टिंग करने वाले राउत की खबरों का सूत्रधार हुआ करता था दाऊद।

## रियल एस्टेट कारोबारियों पर रेड

**भोपाल( एजेंसी )।** आयकर विभाग को भोपाल के मेंडोरी के जंगल में गुरुवार देर रात एक कार से 52 किलो सोना मिला। इसके अलावा, 11 करोड़ रुपए कैश भी बरामद हुए हैं। कार एक मकान के बाहर लावारिस हालत मिली। सोने की कीमत करीब 40 करोड़ 47 लाख रुपए आंकी गई है। अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये सोना और कैश किसका है। आयकर विभाग को यह बड़ी कामयाबी मध्यप्रदेश में रियल एस्टेट कारोबारियों पर रेड के बीच मिली है। आयकर विभाग ने दो दिन में भोपाल और इंदौर में 51 ठिकानों पर छापेमारी की है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि सोना और कैश का कनेक्शन बिल्डर्स और आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के यहां चल रही कार्रवाई से तो नहीं है। जिस कार से सोना और कैश मिला है वह चेतन गौर नाम के व्यक्ति की बताई जा रही है। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, एक खुफिया जानकारी मिली थी कि जंगल में एक कार में कैश है, जिसे कहीं ले जाया जा रहा है। इसके बाद टीम गुरुवार की रात करीब दो बजे मेंडोरी पहुंची। जंगल में इनोवा कार के पास पहले से करीब 100 पुलिसकर्मी और 30 गाड़ियां थीं। संभवत- पुलिस को भी इसके बारे में सूचना मिली होगी। आयकर की टीम ने कार की सर्चिंग की तो नकदी के साथ सोना भी मिला।

# विकास को दर्शाता है प्रदेश में म्यूचुअल फंड सेक्टर में सवा लाख करोड़ रूपये का निवेश–मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। विभिन्न सेक्टरों के साथ म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री भी तेजी से आगे बढी है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में निवेश 10 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 68 लाख करोड़ रूपये से अधिक हो गया है। प्रदेश में म्यूचुअल फंड में सवा लाख करोड़ रुपये का निवेश है, जो यहां हुए विकास को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आयोजित म्युचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स के 2 दिवसीय निवेश मंत्रणा कार्यक्रम में ये बातें कहीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने कहा प्रदेश सरकार का बजट सवा तीन लाख करोड़ रुपये है जिसे बढ़ाकर 7 लाख करोड रुपये ले जाने के बड़े लक्ष्य के साथ प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। हम अनावश्यक खर्चों को कम करके आय में वृद्धि करने पर जोर देते हुए कार्य कर रहे है। देश और प्रदेश हर क्षेत्र में बड़े लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़ रहा है। बदलते दौर में व्यवस्थाएं क्रांतिकारी



रूप से परिवर्तित हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा बिजली उत्पादन के क्षेत्र में किसानों को सौर ऊर्जा पंप के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में विशेष प्रयास किये जा रहे है। इस योजना के क्रियान्वयन से प्रदेश सरकार की बिजली पर खर्च होने वाली बडी राशि की बचत होगी। उन्होंने कहा प्रदेश में 2003 में 5 मेडिकल कालेज थे। वर्तमान में 30 मेडिकल कॉलेज है, जिसमें 5 हजार सीटे है।

## भाजपा सांसद ने प्रियंका गांधी को 1984 लिखा बैग दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने शुक्रवार को संसद में सांसद प्रियंका गांधी को 1984 लिखा बैग गिफ्ट किया। बैग पर 1984 को खून से रंगा दिखा गया। ऐसा माना जा रहा है कि इसके जरिए 1984 के सिख दंगों की याद दिलाई गई। दरअसल, पिछले दिनों संसद में प्रियंका की बैग पॉलिटिक्स चर्चा रही। वे कभी मोदी-अडाणी भाई-भाई, बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों (हिंदुओं) के समर्थन से जुड़े बैग लिए नजर आईं तो कहीं फिलिस्तीन लिखा बैग लेकर भी पहुंचीं। प्रियंका को ओडिशा की सांसद अपराजिता ने बैग सौंपा



ओडिशा के भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता सारंगी ने प्रियंका को 1984 लिखा बैग दिया। अपराजिता संसद परिसर प्रियंका का इंतजार करती दिखीं। जैसे ही आने की जानकारी मिली, वे पीछा करते हुए प्रियंका के पास पहुंचीं और बैग सौंप दिया। प्रियंका ने बैग लेकर रख लिया और आगे बढ़ गईं। प्रियंका संसद में गौतम अडाणी पर अमेरिका कोर्ट में लगाए गए अभियोग के मुद्दे पर प्रदर्शन में शामिल हुईं। उनके बैग पर पीएम मोदी और अडाणी के कार्टून बने थे। 16 दिसंबर- बैग पर फिलिस्तीन के प्रतीक चिह्न प्रियंका गांधी के बैग पर लिखा था, फिलिस्तीन आजाद होगा। हैंड बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना था। इसे फिलिस्तीनी एकजुटता का प्रतीक माना जाता है।

## जयपुर में एलपीजी टैंकर में ब्लास्ट, 11 जिंदा जले

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर में शुक्रवार सुबह एलपीजी गैस से भरे टैंकर में ब्लास्ट होने से 11 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 33 लोग झुलस गए, जिनमें कई गंभीर हैं। जानकारी के मुताबिक भारत पेट्रोलियम का टैंकर अजमेर से जयपुर की तरफ आ रहा था। सुबह करीब 5.44 मिनट पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने टैंकर ने यू-टर्न लिया।

इसी समय जयपुर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। गेल इंडिया लिमिटेड के (फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर से टैंकर के 5 नोजल टूट गए और 18 टन गैस लीक हो गई। लीक हुई गैस में आग लगी




और इतना जोरदार धमाका हुआ कि 200 मीटर का इलाका आग के गोले में तब्दील हो गया। धमाके की आवाज डेढ़ किलोमीटर तक सुनाई दी। टैंकर से रिसी गैस में जब आग लगी तो वह करीब 200 मीटर के इलाके में फैल गई और कुछ ही सेकेंड्स में आसपास की चीजें जलकर राख हो गई। टैंकर से रिसी गैस में जब आग लगी तो वह करीब 200 मीटर के इलाके में फैल गई और कुछ ही सेकेंड्स में आसपास की चीजें जलकर राख हो गई।

## दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** संसद का शीतकालीन सत्र एक तरह से पूरा का पूरा हंगामे की भेंट चढ़ गया। इस बार सत्र में कोई खास काम नहीं हो सका। सरकार ने एक देश, एक चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण विधेयक संसद में पेश तो कर दिया लेकिन इसे जेपीसी को विचार के लिए भेज दिया गया। इसके अलावा वक्फ विधेयक भी टाल दिया गया। इस सत्र में संविधान पर जरूर चर्चा हुई लेकिन वह भी आरोप-प्रत्यारोप तक ही सीमित रही। सत्र के शुरुआती दिन अडाणी विवाद और अंतिम दिन अमित शाह की टिप्पणी को लेकर उठे विवाद की भेंट चढ़ गये। इस बीच, संसद परिसर में एक दिन पहले जो कुछ हुआ उससे देश चिंतित नजर आ रहा है क्योंकि बात सिर्फ दो सांसदों को शारीरिक रूप से नुकसान पहुँचाने की नहीं है बल्कि लोकतंत्र की गरिमा और मर्यादा को बड़ा नुकसान पहुँचाने की भी है। इस बीच, संसद परिसर में हुई ''धक्का-मुक्की'' के सिलसिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर मामला दर्ज होने के बाद बताया जा रहा है कि पुलिस इस घटना में घायल दो सांसदों के बयान दर्ज कर सकती है और विपक्षी नेता को पूछताछ के लिए भी बुला सकती है। दिल्ली पुलिस संसद सचिवालय को भी पत्र लिखकर उस क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की मांग कर सकती है, जहां घटना घटी थी। एक अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मामले को स्थानीय पुलिस से अपराध शाखा को सौंपने पर भी विचार कर सकते हैं। हम आपको बता दें कि संसद मार्ग थाने में बृहस्पतिवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 125 (दूसरों के जीवन या निजी सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कृत्य), 131 (आपराधिक बल का प्रयोग), 351 (आपराधिक धमकी) और 3 (5) (साझा मंशा) के तहत मामला दर्ज किया गया था। भाजपा द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के कुछ घंटों बाद ही राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शिकायत में उन पर धक्का-मुक्की के दौरान ''हमला करने और उकसाने'' का आरोप लगाया गया है। इस धक्का-मुक्की में भाजपा के दो सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए थे। वहीं संसद की कार्यवाही की बात करें तो आपको बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे आरंभ होने के बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजे जाने का प्रस्ताव रखा। सदन ने ध्वनिमत से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच हुई धक्का-मुक्की की घटना का हवाला देते हुए कहा कि संसद की मर्यादा और गरिमा सुनिश्चित करना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संसद के किसी भी द्वार और परिसर के भीतर धरना-प्रदर्शन नहीं करना है और यदि ऐसा होता है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद बिरला ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की धुन बजाने के लिए कहा।

## पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का निधन, 89 साल की उम्र में गुरुग्राम में ली अंतिम सांस

**चंडीगढ ( एजेंसी )।** अनुभवी इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



हरियाणा के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाले चौटाला का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। राज्य की राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति, चौटाला ने कई अवसरों पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें आईएनएलडी में उनके नेतृत्व और राज्य की राजनीतिक दिशा को आकार देने में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता था। उनकी मृत्यु हरियाणा के राजनीतिक इतिहास में एक युग के अंत का प्रतीक है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने हरियाणा के विकास में चौटाला के योगदान को याद करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की है। उनका परिवार और समर्थक शोक में हैं क्योंकि वे उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं। चौटाला परिवार के कई सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं, हालांकि सभी सदस्य इनेलो और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के बीच विभाजित हैं। ओम प्रकाश चौटाला के बड़े बेटे अजय, भिवानी के पूर्व सांसद और तीन बार के विधायक (दो बार राजस्थान और एक बार हरियाणा) को जेबीटी शिक्षक भर्ती मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में उनके पिता के साथ दोषी ठहराया गया था। इनेलो ने पिछली बार 2005 में हरियाणा पर शासन किया था, लेकिन इस बरस कांग्रेस ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया। जिसके बाद भूपिंदर सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री बने थे। भाजपा के मनोहर लाल खट्टर 2014 के चुनावों में नए सीएम के रूप में हरियाणा की कमान संभाली।

## शाह ने की जम्मू-कश्मीर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

**नईदिल्ल ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विश्वास जताया है कि




''आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर'' हासिल करने का लक्ष्य जल्द ही साकार होगा। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को क्षेत्र में आतंकवाद पर पूरी तरह लगाम लगाने का निर्देश दिया है। केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए गृह मंत्रालय में एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान शाह ने कहा कि आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''कतई बर्दाश्त नहीं'' करने की नीति के अनुरूप ''हम जल्द से जल्द आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के लक्ष्य को हासिल करेंगे। हम आपको बता दें कि मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि शाह ने आश्वासन दिया कि इस अभियान का समर्थन करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन आवंटित किए जाएंगे। गृह मंत्री ने केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि सभी सुरक्षाबलों के संयुक्त प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने का दृढ़ संकल्प लिया गया है। उन्होंने विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में स्थानीय लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी को लोकतंत्र में उनके विश्वास का प्रमाण बताया। हम आपको बता दें कि हाल में हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए शाह की यह पहली बैठक थी। सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार बनी है। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अलावा सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मड्डीर प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और गृह मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।


## राहुल के खिलाफ प्राथिमकी से दिखता है कि सत्तापक्ष में हताशा किस स्तर की है: प्रियंका

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि इस बात से पता चलता है कि सत्तापक्ष में किस स्तर की हताशा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के लोग बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान सहन नहीं करेंगे। दिल्ली पुलिस ने संसद परिसर में हुई ''धक्का-मुक्की'' के सिलसिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की। इससे पहले दिन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस को एक शिकायत देकर उन पर संसद परिसर में ''धक्का-मुक्की'' के उकसावे'' में शामिल होने का आरोप लगाया। राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका गांधी ने संवाददाताओं से कहा, ''आज पूरा देश देख रहा है कि भाजपा के लोगों ने राहुल गांधी जी पर तमाम मामले दर्ज करा रखे हैं। वे नित नई प्राथमिकी दर्ज कराते हैं और झूठ बोलते हैं।

### राम मंदिर बना देने से कोई हिंदुओं का नेता नहीं बन गया...

## नये मंदिर-मस्जिद विवादों को उभारना गलत: भागवत

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कई मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को ऐसा लग रहा है कि वे ऐसे मुद्दों को उठाकर ''हिंदुओं के नेता'' बन सकते हैं। भागवत ने साथ ही नये विवादों के उठने पर भी नाराजगी जताई है। हम आपको याद दिला दें कि हाल के दिनों में मंदिरों का पता लगाने के लिए मस्जिदों के सर्वेक्षण की कई मांगें अदालतों तक पहुंची हैं, हालांकि भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का नाम नहीं लिया। भागवत के बयान पर जहां हिंदू संतों ने सधी हुई प्रतिक्रिया जताते हुए कहा है कि इसे पूरे परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए वहीं मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भागवत के बयान का स्वागत किया है। हम आपको याद दिला दें कि मोहन भागवत पहले भी कह चुके हैं कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग ढूंढ़ना सही नहीं है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सहजीवन व्याख्यानमाला में 'भारत-विश्वगुरु' विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने समावेशी समाज की वकालत की और कहा कि दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि देश सद्भावना के साथ एक साथ रह सकता है। भारतीय समाज की बहुलता को रेखांकित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस



मनाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ''केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं क्योंकि हम हिंदू हैं। उन्होंने कहा, ''हम लंबे समय से सद्भावना से रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना प्रदान करना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर के निर्माण के बाद, कुछ लोगों को लगता है कि वे नयी जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। यह स्वीकार्य नहीं है।'' मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का विषय था। उन्होंने किसी विशेष स्थल का उल्लेख किए बिना कहा, ''हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? यह जारी नहीं रह सकता। भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आ जाए। उन्होंने कहा, ''लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं, जो सरकार चलाते हैं। आधिपत्य के दिन चले गए।'' उन्होंने कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब का शासन भी इसी तरह की कट्टरता के लिए जाना जाता था, हालांकि उसके वंशज बहादुर शाह जफर ने 1857 में गोहत्या पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने कहा, ''यह तय हुआ था कि अयोध्या में राम मंदिर हिंदुओं को दिया जाना चाहिए, लेकिन अंग्रेजों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा कर दी। तब से, अलगाववाद की भावना अस्तित्व में आई। परिणामस्वरूप, पाकिस्तान अस्तित्व में आया।'' भागवत ने कहा कि अगर सभी खुद को भारतीय मानते हैं तो ''वर्चस्व की भाषा'' का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है।

## एमसीए अधिकारी ने किया खुलासा, पृथ्वी शॉ को टीम से बाहर करने का कारण बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय युवा खिलाड़ी पृथ्वी शॉ का समय कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। एक के बाद एक करके उन्हें टीम से ड्रॉ कर दिया गया। पहले आईपीएल में अनसोल्ड रहे और फिर अब विजय हजारे ट्रॉफी में न चुने जाने के बाद शॉ ने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट करके अपने रिकॉर्ड गिनवाए थे। इस मामले पर एमएसीए के अधिकारी ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि शॉ के कारण टीम को नुकसान हो रहा था। एमसीए के एक सीनियर अधिकारी ने पीटीआई से कहा कि खराब फिटनेस, रवैये और अनुशासन मसले के कारण कई बार टीम को मैदान पर उसे छिपाने पर मजबूर होना पड़ता था। शॉ ने 16 सदस्यीय विजय हजारे ट्रॉफी में जगह नहीं मिलने पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए गुस्सा निकाला था। वह सैयदा मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम का हिस्सा थे। अधिकारी ने कहा कि, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हम दस फील्डरों के साथ खेल रहे थे क्योंकि शॉ को छिपाना पड़ता था। गेंद उसके पास से निकल जाती थी और वह पकड़ नहीं पाता था।लाइव खेल ऑनलाइन देखेंउन्होंने कहा कि, बल्लेबाजी के दौरान भी उसे गेंद तक पहुंचने में दिक्कत हो रही थी। उसकी फिटनेस, अनुशासन और रवैया खराब है और अलग अलग खिलाड़ी के लिए अलग नियम नहीं हो सकते। टीम में सीनियर खिलाड़ी भी उसके रवैये की शिकायत करने लगे थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान शॉ नियमित तौर पर अभ्यास सत्रों से नदारद रहे और पूरी रात बाहर रहने के बाद सुबह 6 बजे टीम होटल पहुंचते थे।

## मेलबर्न में किसी भारतीय बल्लेबाज के नाम हैं सबसे ज्यादा टेस्ट रन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। दोनों टीमें 26 दिसंबर से आमने-सामने होंगी। इस समय 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। लिहाजा, दोनों टीमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट जीतकर सीरीज में बढ़त बनाना चाहेगी, लेकिन क्या आप जानते हैं अब तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन किस बल्लेबाज ने बनाए हैं?

वहीं बता दें कि, विराट कोहली इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट कोहली हैं। विराट कोहली ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 6 पारियों में 52.66 की एवरेज से 316 रन बनाए हैं। जिसमें 1 शतक के अलावा 2 बार पचास रनों का आंकड़ा पार किया है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट कोहली ने 28 मैचों में 2168 रन बनाए हैं। जिसमें 9 शतक भी शामिल है। इस सीरीज के पहले टेस्ट में विराट कोहली ने शतकीय पारी खेली थी, लेकिन इसके बाद दूसरे और तीसरे टेस्ट में विराट कोहली का बल्ला खामोश रहा है। विराट कोहली के टेस्ट करियर पर नजर डालें तो इस खिलाड़ी ने 121 मैचों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। जिसमें इस बल्लेबाज ने 47.49 की एवरेज से 9166 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने टेस्ट फॉर्मेट में 30 शतक जड़े हैं। इसके अलावा 31 बार पचास रनों का आंकड़ा पार किया है। साथ ही विराट कोहली के नाम टेस्ट फॉर्मेट में 7 दोहरा शतक दर्ज है। हालांकि, ये देखना मजेदार होगा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में विराट कोहली का प्रदर्शन कैसा रहता है? अगर बॉक्सिंग डे टेस्ट में विराट कोहली का बल्ला चलता है तो भारतीय टीम की मुश्किलें कम हो सकती हैं।




## टीम इंडिया में कौन होगा आर अश्विन का रिप्लेसमेंट?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उनके बाद टीम इंडिया में एक बड़ी जगह खाली हो गई है। उनकी जगह भर पाना और उतने मैचों में टीम इंडिया को जीत दिला पाना आसान नहीं होगा। उनके स्थान पर भारतीय कंडीशंस में खेलते वाले खिलाड़ी को मुश्किल होगी। हालांकि, टीम इंडिया में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है लेकिन रेगुलर टीम में शामिल करने से उनको अपना कौशल दिखाने का मौका मिल पाएगा। चार खिलाड़ी अश्विन की जगह रेगुलर स्पिनर बनने की दौड़ में हैं। सभी विकल्पों में वॉशिंगटन सुंदर का पलड़ा भारी है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते हैं और बैटिंग करने का भी अच्छी स्किल है। वह बतौर ऑलराउंडर टीम में खेल सकते हैं और अश्विन का स्थान ले सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया के साथ वह मौजूद हैं। टेस्ट में उनके नाम 24 विकेट दर्ज हैं। लाइव खेल ऑनलाइन देखें

चायनामैन कुलदीप यादव ने इंडियन टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में प्रतिनिधित्व किया है। 13 टेस्ट मैचों में उनके नाम 56 विकेट है। उनका एक निगेटिव पॉइंट बैटिंग है। अश्विन ने जिस तरह से कई बार शतक जड़कर टीम को सहारा दिया था, वह कौशल कुलदी में ना के बराबर है।


अक्षर पटेल में स्पिन और बैटिंग की काबिलियत है। हालांकि, जडेजा के रूप में लेफ्ट आर्म स्पिनर पहले ही टीम में मौजूद हैं।

## रिंकू सिंह बने यूपी टीम के कप्तान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 21 दिसंबर यानी शनिवार से विजय हजारे ट्रॉफी का आगाज होने जा रहा है। वहीं यूपी टीम की कमान रिंकू सिंह संभालेंगे। वे भुवनेश्वर कुमार का स्थान लेंगे जिन्होंने पिछले हफ्ते खत्म हुई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की कप्तानी की थी जहां वे क्वार्टर फाइनल मुंबई में दिल्ली से हार गए थे। ऐसा पहली बार होगा जब रिंकू सिंह सीनियर लेवल पर किसी राज्य की टीम की कप्तानी करेंगे। इस साल की शुरुआत में उन्होंने मेरठ मावेरिक्स को यूपीटी20 लीग का खिताब दिलाया था और इसमें उन्होंने 161.54 की स्ट्राइक रेट से 9 पारियों में 210 रन बनाए थे। विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच से पहले रिंकू सिंह ने कहा कि यूपीटी20 लीग में मेरठ मावेरिक्स की अगुवाई करना मेरे लिए बड़ा मौका था और मुझे खुशी है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सका। मैंने कप्तानी का भरपूर आनंद लिया क्योंकि इससे मुझे कई चीजें सीखने का मौका मिला। मैंने यूपीटी20 लीग में गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया। मौजूदा समय में क्रिकेट में एक पूरे पैकेज की जरूरत होती है, एक ऐसा क्रिकेटर जो बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग कर सके। अब मैं अपनी गेंदबाजी पर भी ध्यान केंद्रीत कर रहा हूं। उत्तर प्रदेश के कप्तान के तौर पर मुझे बड़ी भूमिका निभानी है और मैं इसके लिए तैयार हूं। वहीं रिंकू सिंह को यूपी टीम का कप्तान ऐसे समय में बनाया गया है जब उनकी आईपीएल टीम केकेआर कप्तानी विकल्पों पर विचार कर रही है। रिंकू सिंह साल 2018 से केकेआर टीम का हिस्सा हैं और अगले सीजन के लिए नवंबर में होने वाली नीलामी से पहले उन्हें केकेआर ने सुनील नरेन, आंद्रे रसेल, वरुण चक्रवर्ती और रमनदीप सिंह के साथ रिटेन किया था। रिंकू सिंह ने कहा कि मैं नए आईपीएल सीजन में केकेआर की कप्तानी के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा हूं। मैं उत्तर प्रदेश के लिए अपनी योजनाओं पर ध्यान केंद्रीत कर रहा हूं, क्योंकि मैं चाहता हूं कि मेरी टीम 2015-16 के बाद फिर से इस ट्रॉफी को हासिल करे।

## अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी पर अंपायर के फैसले का विरोध करने के लिए लगा जुर्माना



**दुबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी पर हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे वनडे के दौरान अंपायर के फैसले का विरोध करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। फारूकी पर आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया। यह उल्लंघन खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के अंतर्गत आता है। जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है। यह घटना बृहस्पतिवार को जिम्बाब्वे की पारी के पांचवें ओवर में हुई जब फारूकी की क्रेग इरविन के खिलाफ पगबाधा की अपील को ठुकरा दिया गया और उन्होंने इसका विरोध किया। मैच में डीआरएस उपलब्ध नहीं है, इसके बावजूद फारूकी ने रिव्यू का इशारा किया। फारूकी के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमैरिट अंक भी जोड़ दिया गया जिनका यह 24 महीने में पहला उल्लघंन था। उन्होंने मैच रैफरी एंडी पाइक्रोफ्ट द्वारा प्रस्तावित यह जुर्माना स्वीकार कर लिया।

## मोहम्मद शमी अभी भी नहीं हैं फिट!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज मोहम्म शमी की फिटनेस अभी भी चर्चा में है। गाबा टेस्ट के बाद रोहित शर्मा ने शमी की फिटनेस पर अपडेट मांगा था। वहीं अब खबर ये है कि शमी बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच में नहीं खेलेंगे उन्हें आराम दिया गया है।

बंगाल क्रिकेट संघ ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। शमी ने टीम इंडिया के लिए पिछला मैच 2023 वनडे वर्ल्ड कप में खेला था। शमी ने टखने की सर्जरी के बाद लंबे समय बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। वह तब से बेंगलुरु में बीसीसीआई के हाई परफॉर्मेंस में चोट से उबर रहे थे। वहीं शमी ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की। उन्होंने बंगाल के लिए शानदार वापसी कर सात विकेट झटके और टीम को इस रणजी ट्रॉफी सत्र में पहली जीत दिलाने में मदद की। उन्होंने हाल में समाप्त हुई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 9 विकेट अपने नाम किए। हालांकि, उनके घुटने में सूजन अब भी चिंता बनी हुई है जो घरेलू टी20 प्रतियोगिता के दौरान हुई थी। ब्रिस्बेन में ड्रॉ हुए तीसरे टेस्ट के बाद शमी की उपलब्धता के बारे में लगातार पूछे जाने पर रोहित शर्मा नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि, मुझे लगता है कि एनसीए से किसी को उनके बारे में बात करनी चाहिए कि वह कहां रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं।

## अश्विन ने रिटायरमेंट के बाद कॉल हिस्ट्री की शेयर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद रवि अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। इसके बाद साथ क्रिकेटरों के अलावा फैंस और पूर्व क्रिकेटरों ने रवि अश्विन को शुभकामनाएं दी। वहीं इन सबके बाद अश्विन ने सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया। जिसके कैप्शन बेहद ही मजेदार है।

दरअसल, अश्विन ने स्क्रीनशॉट में सचिन तेंदुलकर और कपिल देव जैसे दिग्गजों का नाम है। जिन्होंने उन्हें संन्यास के बाद कॉल कर बधाई और आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

अश्विन ने इस स्क्रीनशॉट के कैप्शन में लिखा कि, अगर आज से 25 साल पहले मुझे कोई कहता कि मेरा पास स्मार्टफोन होगा और मेरा कॉल लॉग कुछ यूं दिखेगा, तो मुझे हार्ट अटैक आ जाता। इसके बाद अश्विन ने सचिन तेंदुलकर और कपिल देव का शुक्रिया अदा किया है। सोशल मीडिया पर उनका ये पोस्ट काफी वायरल हो रहा है।



## चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर गतिरोध खत्म होने से खुश पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने राहत जताई है कि आखिरकार चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के साथ गतिरोध खत्म करने में आईसीसी कामयाब रहा है जिसके तहत भारतीय टीम अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। बदले में पाकिस्तानी टीम भी 2027 के मौजूदा चक्र में भारत में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंटों के अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने कहा,'' मुझे लगता है कि पीसीबी ने समझदारी दिखाई है और अलग थलग पड़ने की बजाय समाधान को चुना। इसमें पीसीबी को बीसीसीआई से ज्यादा फायदा हुआ है।''

उन्होंने कहा,'' पाकिस्तान लंबे समय बाद बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। हमने साफ संदेश दे दिया है कि अगर आप हमारे देश में खेलने नहीं आते तो हम भी भारत में खेलने नहीं जायेंगे।' यह व्यवस्था चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 (पाकिस्तान), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप में लागू रहेगी। भारत ने सुरक्षा कारणों से फरवरी मार्च में पाकिस्तान में होने वाले टूर्नामेंट के लिये जाने से इनकार कर दिया था।



भारत ने 2008 में मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में नहीं खेला है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम बारी ने कहा,'' मैं तो इतना ही कह सकता हूं कि उनके खिलाड़ियों और प्रशंसकों का यहां आने पर जबर्दस्त इस्तकबाल होता।'' पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोईन खान ने कहा,'' पीसीबी को एक और आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिलना पाकिस्तान क्रिकेट के लिये अच्छा संकेत है।

## आखिरी दो टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ आखरी दो टेस्ट मैचों के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 70 में पहली बार 19 साल के बल्लेबाज को टीम में जगह दी है।

इसके अलावा तीन साल बाद दिग्गज खिलाडी की टीम में वापसी भी हुई है। बता दें कि, आखिरी दो टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बदलाव करके बड़ा जोखिम उठाया है। वहीं पिछले तीन मैचों में टीम के ओपनर रहे नेथन मैक्सवीनी को ड्रॉ कर दिया गया है। उनकी जगह 19 साल के सैम कोंसटास को टीम में जगह मिली है। उन्हें डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि, सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उसकी बल्लेबाजी की शैली अलग है। हमें विश्वास है कि नाथन के पास काबिलियत है और उसे भविष्य में टेस्ट क्रिकेट में और मौके मिलेंगे। उसे बाहर रखने का फैसला कठिन था। पर्थ में पहले टेस्ट में डेब्यू करने वाले 25 वर्षीय मैकस्वीनी एक भी फिफ्टी नहीं जड़ पाए और 6 पारियों में 10, 0, 39, नाबाद 10 और 9 और चार स्कोर किया। साथ ही तीन साल बाद तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन को टीम में मौका मिला है। वहीं सीन एबट भी वापस आए हैं। तसमानिया के अनकैप्ड ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को भी टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होने के बाद सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह स्कॉटलैंड बोलैंड को मौका मिलेगा।



बता दें कि, झाय रिचर्डसन ने बीते एक साल में केवल एक ही फर्स्ट क्ला मैच खेला है। उन्होंने पिंक बॉल टेस्ट में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए मुकाबला खेला था और तीन विकेट लिए थे। उन्हें इसी मैच में जश्न मनाते हुए चोट भी लगी थी।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम**

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिश, उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झाय रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

### सरकारी अस्पतालों में पार्किंग स्टाफ के नाम पर की गई गुंडों की भर्ती

# गुंडागर्दी दिखाकर लोगों से जबरन पैसे की वसूली कर रहा अस्पताल का पार्किंग स्टाफ

## कहीं 10 तो कहीं 20रुपये की मनमाना पार्किंग पर्ची वसूली से परेशान हुआ आमजन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** विंध्य का सबसे बड़ा अस्पताल संजय गांधी जहां से सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के कार्य भी किए जाते हैं तथा रीवा का जिला अस्पताल बिछिया हर रोज अपने लापरवाही रवैए को लेकर सुर्खियों में रहता है मगर जिम्मेदार अस्पताल की कमियों को अनदेखा करके अपनी अलग ही ड्यूटी में मस्त रहते हैं जहां अधिकारियों को और वरिष्ठ डॉक्टरों को अपने आलिशान ऑफिस में आराम फरमाने से ही फुर्सत नहीं मिलती और इधर मरीज तथा उनके परिजनों को परेशानी से दो चार होना पड़ता है। आलम यह है कि इलाज को लेकर परेशान मरीजों की समस्या वाहन पार्किंग स्थल में पहुंचकर और बढ़ जाती है क्योंकि असल परेशानी यहीं से बढ़ती है जहां परेशान मरीज और उसके परिजन को यहां पर गुंडों से सामना करना पड़ता है। जो पार्किंग की अवैध वसूली के लिए लोगों के साथ मारपीट की घटना को भी अंजाम दे देते हैं।

दरअसल शहर में संचालित सरकारी दवाखाना संजय गांधी अस्पताल, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और जिला चिकित्सालय में पार्किंग सुविधा बनाए रखने के लिए टेंडर सिस्टम की व्यवस्था बनाई गई है जहां प्रायवेट व्यक्ति के द्वारा अस्पतालों की पार्किंग व्यवस्था को सुधारने के लिए गुंडों की नियुक्ति की गई है जिनके द्वारा अस्पताल आए मरीजों से बदतमीजी की जाती है।

बताया जा रहा है कि अस्पताल में बनाई गई पार्किंग सुविधा में जो गुंडे टाइप के लोग काम करते हैं वह आसपास के छूटभये नेता और कथित पत्रकारों के सम्पर्कित होते हैं जिसके बाद वह मरीजों को परेशान करने के लिए इन नेताओं और पत्रकारों के माध्यम से पार्किंग वसूली के लिए आमजन को धमकाने का काम करते हैं।

जानकारी के अनुसार अस्पताल का पार्किंग स्टाफ अस्पताल में आए मरीजों और उनके परिजनों से पार्किंग के नाम पर जबरन वसूली करते हैं जिसकी कोई राशि तय नहीं होती और जिम्मेदार अधिकारी भी इस व्यवस्था से अंजान रहते हैं जिसकी वजह से आमजन की समस्याएं और बढ़ जाती हैं।

आरोप है कि संजय गांधी अस्पताल, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और जिला चिकित्सालय में लगे पार्किंग स्टाफ की गुंडागर्दी इन दिनों इस कदर हावी है कि मुफ्त में अपना इलाज कराने अस्पताल जाने से भी लोग कतराते रहते हैं क्योंकि अस्पताल की पार्किंग राशि भी प्रायवेट डॉक्टरों की फीस के आसपास की ही होती है

### डेंजर जोन बना शहर का एसएएफ चौराहा

# तेज रफ्तार बुलेट सवार युवक चौराहे से टकराया, मौके पर हुई मौत



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के एसएएफ चौराहे में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बुलेट बाइक चौराहे से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक के भी परखच्चे उड़ गए। हादसा बीती रात करीब 9 बजे हुआ।

जानकारी के मुताबिक बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन के समीप एसएएफ चौराहे में बीते एक सप्ताह के भीतर गुरुवार की रात हुई यह तीसरा बड़ी सड़क दुर्घटना है। हादसे में मृत हुए बाइक सवार युवक की पहचान सीधी जिले के चुरहट थाना क्षेत्र के ग्राम हरदहा निवासी जितेंद्र सिंह गहरवार के रूप में की गई है।बताया गया कि जितेंद्र बुलेट बाइक में सवार होकर चुरहट से रीवा आ रहे थे और जैसे ही वह रीवा के एसएएफ चौराहे के समीप पहुंचा तभी उसकी की तेज रफ्तार बाइक चौराहे से ही जा टकराई। इस दौरान जितेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बाइक की रफ्तार 80 किमी प्रति घंटे की से भी ज्यादा थी। इसी बीच चौराहे पर बाइक सवार ने नियंत्रण खो दिया और बाइक चौराहे से जाकर जा टकराई। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं बाइक नंबर के आधार मृतक की पहचान होने के उपरांत सूचना परिजनों को दी गई। शव का आज शुक्रवार को संजय गांधी अस्पताल में पीएम कराया गया।

## अस्पताल भवनों का निर्माण समय सीमा में पूरा करने के कलेक्टर के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीकृत विभिन्न अस्पतालों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के जारी निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा कराएं। सभी नवीन निर्माण कार्यों के लिए जमीन आवंटित कर दी गई है। जवा और सेमरिया में सिविल अस्पताल भवन का निर्माण लगभग पूरा हो रहा है। शेष कार्य पूरा करके आगामी मार्च माह तक इसे हैण्डओवर करें। जिले में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिए जिन स्थानों में दानपत्र से भूमि मिली है उनमें खसरे में स्वास्थ्य विभाग का नाम दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल में जारी नवीन ओपीडी भवन के कार्यों में तेजी लाएं।

## लापरवाह 10 सर्वेयरों को किया पद से पृथक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** किसान सम्मान निधि तथा फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा कराने के लिए सभी तहसीलों में सर्वेयर तैनात किए गए हैं। सर्वेयर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में पटवारी को सहयोग कर रहे हैं। गुढ़ तहसील में तैनात 10 सर्वेयरों को लापरवाही बरतने पर पद से पृथक कर दिया गया है। इस संबंध में एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी ने बताया कि राजस्व महाभियान के दौरान पटवारियों तथा सर्वेयरों के कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है। अपने कार्य में रूचि न दिखाने तथा लापरवाही बरतने पर हल्का बड़ागांव के सर्वेयर रूचि पटेल, राहुल यादव, आनंद पाण्डेय, शिवेन्द्र पाण्डेय तथा नरेन्द्र तिवारी को पद से पृथक करने के आदेश तहसीलदार गुढ़ ने जारी किए हैं। इसी तरह पटवारी हल्का सहिजना में विपिन कुमार कुशवाहा, बगदरी ओमप्रकाश बेलदार, बहेरा में संकटमोचन तिवारी, गेरूआर में पुष्पराज साकेत तथा तमरादेश के सर्वेयर ज्ञानेन्द्र पाण्डेय को भी पद पृथक करने के आदेश दिये हैं। एसडीएम तिवारी ने बताया कि सभी सर्वेयर पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। लापरवाही बरतने पर उन्हें पद से पृथक कर दिया गया। इससे पहले भी दो तहसीलों में सर्वेयरों को पद से पृथक करने की कार्यवाही की गई है।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान में अधिकारी कर रहे ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**रीवा संभाग के सभी जिलों में 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद के निर्देशों के अनुसार सभी संभाग स्तरीय अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करके विभागीय कार्यों का जायजा लेने के साथ-साथ आंगनवाड़ी केन्द्र, गौशाला, स्कूल, अस्पताल, उचित मूल्य दुकान, ग्राम पंचायत, धान उपार्जन केन्द्र तथा अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। आमजनता से संवाद करके भी शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया जा रहा है।

भ्रमण के क्रम में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में ग्राम गुढ़वा के आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पोषण आहार के वितरण, बच्चों के टीकाकरण तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को टेक होम राशन की वितरण की जानकारी ली। संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी ने सतना जिले के रामपुर बघेलान सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। संयुक्त संचालक ने पठन-पाठन व्यवस्था तथा शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार के संबंध में प्राचार्य को निर्देश दिए। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ग्राम पंचायत बिहरा, जनपद पंचायत रीवा में आयोजित जनकल्याण शिवितर में शामिल हुए। संभागीय कृषि अभियांत्रिकी अधिकारी ने सीधी जिले के रामपुर नैकिन विकासखण्ड में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल होकर किसानों को उन्नत कृषि उपकरणों की जानकारी दी।


भ्रमण के क्रम में संयुक्त कलेक्टर तथा प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के ग्राम रामनई में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में भाग लेकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में खाद्य विभाग से संबंधित 20 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 12 का मौके पर निराकरण किया गया। संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा ने प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत रीवा विकासखण्ड के ग्राम गोरगी में वेदिका स्वसहायता समूह द्वारा संचालित गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में वर्तमान में 120 गौवंश हैं। संयुक्त संचालक ने गौवंश को ठंड से बचाने तथा समुचित आहार के संबंध में निर्देश दिए।

# जनकल्याण अभियान में 4308 आवेदन पत्र हुए मंजूर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 15 दिसम्बर से प्रत्येक विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर और 20 दिसम्बर को आयोजित शिविरों में कुल 6141 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 4308 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। 1710 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 121 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 5024 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 3379 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 2417, रायपुर कर्चुलियान में 228, रीवा में 402, सिरमौर में 561, गंगेव में 805 तथा जवा में 611 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 2313, रायपुर कर्चुलियान में 65, रीवा में 101, सिरमौर में 69, गंगेव 655 तथा जवा में 176 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 1117 आवेदन पत्र प्रापत हुए हैं। इनमें से 929 मंजूर किए गए हैं।



स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।